दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 196 जयपुर, मंगलवार, 25 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### 18वीं लोकसभा का पहला दिन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 262 सांसदों ने ली शपथ

# पहले दिन ही सरकार से विपक्ष की तकरार

एजेंसी | नई दिल्ली

सोमवार को 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हुआ, जहां सदन के भीतर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक अलग-अलग अंदाज में दिखाई दिए। सोमवार को सदन में जहां एक ओर कुछ दलों ने अपनी पहचान के लिए रंग विशेष का सहारा लिया तो वहीं कुछ सांसदों पर लोगों की निगाहें टिकी नजर आईं। राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ सत्र में सबसे पहले सदन में लोकसभा के महासचिव ने लोकसभा में नवनिर्वाचित सांसदों की सूची हिंदी व अंग्रेजी में पटल पर रखी। उसके बाद प्रोटेम स्पीकर के तौर पर भर्तृहरि महताब ने प्रोटेम स्पीकर के पैनल का ऐलान किया। सदन में सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। ऑफवाइट कुर्ते व जैकेट में जब पीएम मोदी शपथ लेने के लिए पोडियम पर पहुंचे तो पूरा सदन में अचानक कोलाहल शुरू हो गया। सत्तापक्ष जहां इस दौरान लगातार 'भारत माता की जय' और 'मोदी-मोदी' के नारे लगाता दिख तो वहीं विपक्ष संविधान की कॉपी दिखाता नजर आया। पीएम मोदी के शपथ के दौरान कांग्रेस के नेता रहुल गांधी सबसे पहले संविधान की कॉपी लेकर खड़े हुए, उसके बाद तमाम विपक्षी सदस्य संविधान की प्रति दिखाने लगे। इसके बाद कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। ज्यादातर मंत्रियों ने अपने राज्य की भाषा में शपथ ली। देश में नीट एग्जाम को मचे सियासी बवाल के बीच जब देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ ग्रहण के दौरान विपक्ष ने शोर किया। इस दौरान विपक्ष के नेता नीट-नीट शेम-शेम के नारे लगाने लगे। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। सबसे पहले आंध्र प्रदेश से सांसदों ने शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण का सिलसिला शाम छह बजे तक चला। सोमवार को मध्यप्रदेश तक के 262 सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। बाकी 281 सांसद मंगलवार को शपथ लेंगे।

-पेज 8 भी देखें




### जेपी नड्डा होंगे राज्यसभा में सदन के नेता

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा में नेता सदन बनाए गए हैं। वो केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की जगह लेंगे। मोदी सरकार 3.0 में जेपी नड्डा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्हें सरकार में स्वास्थ्य मंत्रालय सौंपा गया है। केंद्रीय मंत्री बनाने के बाद अब जेपी नड्डा को राज्यसभा में भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। जेपी नड्डा फिलहाल बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। पार्टी अध्यक्ष के रूप में 30 जून को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में उनकी जगह किसी नए चेहरे को बीजेपी संगठन की जिम्मेदारी मिल सकती है। जेपी नड्डा को मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिलने के बाद ही ये बात साफ हो चुकी थी। अब उन्हें बीजेपी ने राज्यसभा में नेता सदन की अहम जिम्मेदारी दी है। अब तक पीयूष गोयल राज्यसभा में नेता सदन थे, लेकिन इस बार वो लोकसभा चुनाव जीत गए हैं। वहीं अब ये जिम्मेदारी नड्डा संभालेंगे।



### 'इंडिया' गठबंधन ने दिखाई एकजुटता



कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी गठबंधन के सांसद संसद परिसर में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। उन्होंने 'संविधान की रक्षा हम करेंगे' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। इस दौरान सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी तथा द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के कई अन्य घटक दलों के सांसद मौजूद थे। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया और कहा कि यह उन्हें स्वीकार्य नहीं है।




### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश के लोगों की सेवा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत होने से पहले संसद के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरवपूर्ण और गौरवशाली है। पीएम ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार करने के लिए 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद यह केवल दूसरी बार है, जब देश ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा करने के लिए अपना जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर 60 वर्षों के बाद आया है जो इसे अपने आप में गौरवपूर्ण बनाता है। इस दौरान मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए देश को आपातकाल की याद दिलाते हुए कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। उन्होंने कहा कि भारत की नई पीढ़ी उस दिन को कभी नहीं भूलेगी, जब लोकतंत्र को कुचलकर भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था और देश को जेलखाने में बदल दिया गया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया ताकि ऐसी स्थिति फिर कभी न आए। मोदी ने कहा कि हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे और भारत के संविधान के अनुसार आम लोगों के सपनों को पूरा करेंगे।

## जरूरी खबर

### दिया को मिलेगा टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड



**जयपुर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री, पर्यटन दिया कुमारी को वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर इंडिया के सम्मान से आईटीबी बर्लिन जर्मनी में सम्मानित किया जाएगा। आईटीबी बर्लिन जर्मनी में ही राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर रॉयल एक्सपिरिएंसेस के लिए पटवा इंटरनेशनल ट्रैवल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। पैसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) की ओर से राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर रॉयल एक्सपिरिएंसेस अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। यह अवॉर्ड पटवा की और से आईटीबी बर्लिन 2025 में दिए जाएंगे।

-पेज 2 भी देखें

### गेहूं पर केंद्र सरकार ने लगाया स्टॉक लिमिट



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और गेहूं के दाम नियंत्रित करने के लिए गेहूं पर भंडारण सीमा लगा दी है, जो 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी रहेगी। इससे पहले सरकार ने पिछले सप्ताह चना, काबुली चना और अरहर पर भंडारण सीमा लगाई थी।

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने दी मंजूरी

# प्रदेश को मिलेगी कुल 400 मेगावाट अनावंटित बिजली

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने राहत भरा निर्णय किया है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रयास भी रंग लाए है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश को 2 रीजनल पूल से अनावंटित बिजली का कोटा देने निर्णय किया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से हाल ही में नई दिल्ली में मुलाकात की थी। इसके बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण को पत्र लिखकर प्रदेश को दक्षिण एवं पश्चिम रीजन के अनावंटित पूल से 200-200 मेगावाट (कुल 400 मेगावाट) बिजली 24 घंटे उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है। इस अनावंटित बिजली की आपूर्ति 26 जून से प्रारंभ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन एवं बिजली की आपूर्ति के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। गत दिनों राजस्थान को छत्तीसगढ़ में फंसा 4 लाख मीट्रिक टन (लगभग 100 रैक्स) कोयले की आपूर्ति का निर्णय भी हुआ था। इस कोयले से प्रदेश के पावर प्लांट्स में कोयले के भंडार बढ़ेंगे और आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।



### राजसंमद पहुंचे सीएम भजनलाल

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को राजसमंद जिले के आगरिया (आमेट) में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ के निवास पर पहुंच कर उनकी माता स्वर्गीय पारस कंवर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्यमंत्री ने पूछी गहलोत की कुशलक्षेम



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत निवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना भी की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन दिनों सर्वाइकल की परेशानी के चलते बेड-रेस्ट पर हैं। इस मुलाकात के दौरान प्रदेश से जुड़े कई मुद्दों को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई।

### आबकारी विभाग का मामला

# निरीक्षक की शिकायत पर DEO बोले- मुकदमा रहने दो

### पीड़ित आबकारी निरीक्षक ने जिला आबकारी अधिकारी भीलवाड़ा की कार्यशैली का विरोध किया तो होना पड़ा सस्पेंड

बेधड़क | जयपुर

भीलवाड़ा में देर रात तक चलने वाले शराब की दुकानों व तय राशि से ज्यादा राशि वसूल करने वाले ठेकेदारों के साथ जिला आबकारी अधिकारी की मिलीभगत होने का ऑडियो सामने आया है। दरअसल आबकारी निरीक्षक अरविंद खींची ने देर रात तक अवैध रूप से चलने वाले शराब के ठेकों व एमआरपी से ज्यादा वसूल करने वाले शराब के ठेकों पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचे तो जिला आबकारी अधिकारी गौरवमणी जौहरी ने फोन पर अरविंद खींची को आरोपी ठेकेदारों के खिलाफ मामला नहीं बनाने के लिए दबाव बनाया गया।

खास बात है कि आबकारी इंस्पेक्टर ने जब जौहरी के अनुसार काम नहीं किया तो उनको सस्पेंड होना पड़ा। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक अरविंद जौहरी ने आबकारी कमिश्नर अंशदीप, फाइनेंस सेकेट्री रेवेन्यू केके पाठक और ज्वॉइंट सेकेट्री जसंवत सिंह को जिला आबकारी अधिकारी गौरवमणी जौहरी के खिलाफ शिकायत की है। खींची ने आरोप लगाया है कि जिला आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से ठेकेदार जिले में अवैध शराब बेचने के साथ में निर्धारित मूल्य से अधिक में राशि में शराब बेचते हैं।

आरोप है कि जौहरी ने उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर आबकारी निरीक्षकों द्वारा किए जाने वाले शराब के ठेके के निरीक्षणों के अधिकार कम करा दिए। इससे शराब ठेकेदार मनमाफिक मूल्य में शराब बेचते हैं और अवैध शराब की बिक्री भी करते हैं।

### ठेकों पर 150 रुपए की कीमत की शराब की बिक्री 180 रुपए में

आरोप है कि जब आबकारी निरीक्षकों द्वारा मूल्य से ज्यादा राशि पर शराब बेचने वाले शराब के ठेकों पर कार्रवाई करने के पहुंचे तो जिला आबकारी अधिकारी ने फोन पर कार्रवाई नहीं करने का दबाव बनाया। फोन पर इंस्पेक्टर अरविंद खींची ने जिला आबकारी को कहा- साहब शराब की कीमत 150 रुपए है और 180 रुपए वसूल रहे तो जिला आबकारी जौहरी ने दबाव बनाया कि मामला दर्ज नहीं करो। मुझे पता है कहां-कहां शराब कितने पैसे में बिक रही है। अगर कार्रवाई करनी है तो मना कर दो। मुझे बताओ की 180 रुपए ले रहे या फिर 200 रुपए।

### हमला करने का आरोप

पीड़ित निरीक्षक का आरोप है कि ड्राई डे के दिन जब सुभाष नगर इलाके में खुले शराब के ठेकों पर कार्रवाई करने पहुंचे तो जिला आबकारी अधिकारी व बाबू जितेंद्र सिंह भाटी ने मिलकर शराब ठेकेदारों से उस पर हमला कर दिया। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक अरविंद खींची ने सुभाष नगर थाने में एक सरकारी टीचर शिवकुमार कलाल के खिलाफ रिपोर्ट भी दी है।

### ऑस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया सेमीफाइनल में

**सेंट लूसिया।** टीम इंडिया ने अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से 27 जून रात 8बजे से गयाना के मैदान पर खेला जाएगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में 181/7 रन ही बना पाई।

## जरूरी खबर

### संविधान पर संगोष्ठी आज, CM भजन लाल करेंगे शिरकत



**जयपुर।** संविधान संरक्षण मंच के तत्वावधान में झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मंगलवार दोपहर 3.30 बजे 'भारतीय संविधानः लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय में प्रतिबद्धता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम भजन लाल शर्मा और विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा होंगे। वहीं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, मंत्री अविनाश गहलोत, मदन दिलावर, डॉ. मंजु बाघमार व पूर्व आईपीएस कन्हैया लाल बेरवाल भी शामिल होंगे।

### विकास कार्यों को गुणवत्ता से पूरे करने के आदेश

**जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री व सांचौर जिला प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी परिसर में जिला प्रशासन की विभागीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान सांचौर जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी आमजन के हित से जुड़े विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने पेयजल एवं नर्मदा नहर परियोजना के अधिकारियों से जिले में किए जा रहे जल परिवहन कार्यों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दी जा रही जलापूर्ति, अमृत 2.0 योजनाए नर्मदा नहर परियोजना के तहत एफआरडीआर सीलू-जैसला-भाटकी प्रोजेक्ट, डिग्गी व स्प्रिंकलर सिस्टम के बारे में जानकारी ली।

### आपातकाल की बरसी पर मनाएंगे काला दिवस



**जयपुर।** आपातकाल की बरसी पर मंगलवार को भाजपा काला दिवस मनाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि भाजपा 25 जून को भारतीय लोकतंत्र के काले दिवस के रूप में मनाएगी। प्रदेशभर में सभी जिला मुख्यालयों पर विचार संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसमें प्रबुद्ध जन, डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, विद्यार्थी, नौजवान सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहेंगे। प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर बतौर मुख्य अतिथि दौसा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेगी। वहीं जयपुर शहर में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत, जयपुर देहात उत्तर में राज्यसभा सांसद मदन राठौड उपस्थित रहेंगे।

---

**खदान की नीलामी प्रक्रिया पूरी,** दो ब्लॉक के लिए तकनीकी बिड खुलने के बाद खनन के लाइसेंस जारी

# राजस्थान की धरती उगलेगी सोना, 222.39 टन का है भंडार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में सोने के भंडार मिलने के बाद आस बंधी थी कि राज्य में जल्द ही सोना खनन शुरू हो जाएगा। इसी कड़ी में अब जल्द की राजस्थान की धरती सोना उगलेगी।

राजस्थान सरकार ने बांसवाड़ा में स्वर्ण (सोने) और अयस्क खनन के लिए भुखिया-जगपुरा खनन ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसका लाइसेंस रतलाम की सैयद ओवैस अली फर्म को मिला है। इसके साथ ही देश में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और झारखंड के बाद राजस्थान चौथा राज्य होगा, जहां सोने का खनन होगा। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार इस क्षेत्र में सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है।

खनिज अभियंता गौरव मीणा ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल उपखंड में खदान के लिए दो ब्लॉक भूकिया-जगपुरा आवंटित किए गए थे। गत दिनों दोनों ब्लॉक के लिए तकनीकी बिड खुलने के बाद अब खनन के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। भुखिया-जगपुरा स्वर्ण ब्लॉक के माइनिंग लाइसेंस के लिए बड़ी कंपनियों के बीच कड़ी स्पर्धा रही। इसमें रतलाम की कंपनी ने 65.30% की बोली लगाई और सोने के खनन के लिए ब्लॉक अपने नाम किया।



### सोना खनन के लिए इस ब्लॉक का भी जल्द देंगे लाइसेंस

राजस्थान के बांसवाड़ा में सोने के खनन के लिए आवंटित दो ब्लॉक में से भूखिया-जगपुरा के लिए लाइसेंस दे दिया गया है, जबकि दूसरे ब्लॉक कांकरिया गारा गोल्ड के कंपोजिट लाइसेंस के लिए 5 कंपनियां आई हैं। इसमें अहमदाबाद की हीराकुंड नेचुरल रिसोर्सेस लिमिटेड, मुंबई की पोद्दार डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, रतलाम की ओवैस मेटल एंड मिनरल्स प्रोसेसिंग लिमिटेड, उदयपुर की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और कानपुर की जेके सीमेंट लिमिटेड में प्रतिस्पर्धा है।

### क्षेत्र में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

भू-वैज्ञानिकों के मुताबिक इस क्षेत्र में 940.26 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है। इसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। वहीं कांकरिया गारा में 205 हेक्टेयर में 1.24 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क संभावित है। इन सोने की खदानों से सोने के साथ अन्य सह खनिज भी निकलेंगे। बांसवाड़ा जिले में सोने के खनन से इलेक्ट्रॉनिक, पेट्रोलियम, पेट्रो केमिकल्स, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित अवसर विकसित होने की संभावना है। राजस्थान में सोने के भंडार मिलने से अब इनमें खनन शुरू होने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

---

**तरल नत्रजन वाहन को दिखाई हरी झंडी, गोपालन मंत्री बोले...**

# पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार को किया जाएगा प्रोत्साहित

**बेधड़क** | जयपुर

पशुपालन, गोपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि पशुओं एवं पशुपालकों के कल्याण के प्रति सरकार की समर्पित सोच और नीतियों के कारण आज पशुपालन रोजगार का एक जरिया बनकर उभर रहा है। राज्य में लाखों लोगों को कृषि एवं पशुपालन से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

पशुपालन मंत्री ने सोमवार को राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के तत्वावधान में 15 तरल नत्रजन परिवहन वाहनों की विधिवत पूजा कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तरल नत्रजन पशु नस्ल सुधार के लिए किए जाने वाले कृत्रिम गर्भाधान में काम आता है।

इस अवसर पर कुमावत ने कहा कि भारत सरकार की शत प्रतिशत वित्त पोषित राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत 15 जिलों को नत्रजन परिवहन वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे तरल नत्रजन के वितरण की व्यवस्था को सुगम और सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इन वाहनों में पहली बार जारों को उठाने और रखने के लिए व्यवस्था करवाई गई है जिससे विभागीय कर्मचारियों को अधिक वजन उठाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। साथ ही जार के खराब होने की संभावना भी कम रहेगी। उन्होंने बताया कि तरल नत्रजन के भण्डारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए वाहन आपूर्ति के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार राज्य के 13 जिलों में 3 हज़ार लीटर क्षमता के नवीन साइलों की भी स्थापना की कार्रवाई की जा रही है।




### नवीन योजनाओं की स्वीकृति के करेंगे प्रयास

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार गौवंश की सेवा के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि आने वाले बजट सत्र में पशुओं और पशुपालकों के कल्याण के लिए नई और अभिनव योजनाओं को स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जिसके लिए ग्रामीण स्तर पर पशुपालकों, अधिकारियों और अन्य लाभार्थियों से निरंतर संवाद किया जा रहा है।

### इसलिए उपलब्ध कराए नए वाहन

उल्लेखनीय है कि 15 जिलों को पूर्व में उपलब्ध करवाए गए तरल नत्रजन परिवहन वाहनों की 15 वर्ष की अवधि पूरी हो गई थी इसीलिए इन 15 जिलों भीलवाड़ा, नागौर, कोटा, कुचामन सिटी, चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर, बूंदी, झालावाड़, पाली, जालौर, सिरोही, चुरू, जयपुर, दौसा और झुंझुनू को नए वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### ये अधिकारी भी रहे मौजूद

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ आनंद सेजरा, पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ पी सी भाटी, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ सुरेशचंद मीना सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे।

---

**चूरू में भाजपा नेता झाझड़िया बोले...**

## जातिवाद का जहर नहीं घुलने दूंगा... 36 कौम के लिए काम करूंगा



**बेधड़क** | जयपुर

चूरू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रहे देवेंद्र झाझड़िया ने कहा हर आदमी को जिंदगी में एक बार चुनाव जरूर लड़ना चाहिए, क्योंकि चुनाव में ही अपने और पराए का पता चल जाता है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बहुत साथ दिया। मैं जातिवाद का जहर नहीं घूलने दूंगा, मैं 36 कौम के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव रिजल्ट के बाद कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम आपसे हौसला लेकर जाते हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं मैं आपके साथ मिलकर काम करूंगा। इस दौरान झांझड़िया ने सांसद राहुल कस्वां पर तंज कसा। उन्होंने कहा मैंने उनके पिताजी का फ्री में इलाज कर दिया। उनको अमेरिका नहीं ले जाना पड़ा। विधानसभा चुनाव में राहुल कस्वां ने कहा था मेरे पिताजी का इलाज करवाने अमेरिका जा रहा हूं। उनसे चारपाई से भी नहीं उठा जा रहा, लेकिन लोकसभा चुनाव में वे घर-घर जाकर लोगों से वोट मांग रहे थे। चूरू के दादाबाड़ी में 22 जून को हुई कार्यकर्ता धन्यवाद सभा में झाझड़िया ने ये बात कही थी। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर शेयर हुआ है। झाझड़िया ने कहा कि जिन लोगों को उन्होंने कहा था कि हमारे घर मत आना, चुनाव में उनके पैर पकड़ रहे थे।

झाझड़िया ने कहा कि मैं खिलाड़ी हूं और खिलाड़ी कभी हारता नहीं, हमेशा सिखता है। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि जो लोग चुनाव में घर-घर वोट मांगने भी नहीं जाते थे, उन लोगों ने आज घर-घर जाकर पैर पकड़े हैं, क्योंकि अब बात साख पर आ गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का विजन देश को आगे लेकर जाना है। हमें अभी बहुत काम करने हैं।

---

**जलदायकर्मियों ने प्रशासनिक मुख्य अभियंता को** सौंपा मांग पत्र

## ज्वलंत मुद्दों पर मांगा सरकार से समाधान

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शिष्ट मंडल ने संघ के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में मुख्य अभियंता प्रशासन दिनेश गोयल को ज्ञापन सौंपा।

संघ के सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया कि बैठक के मुख्य बिंदुओं में जलदाय विभाग में बकाया रिव्यू डीपीसी एवं नियमित डीपीसी की बैठकें शीघ्र करवाने, कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने, पदोन्नति के बाद गृह ज़िले मे पदस्थापन करने, मंत्रालयिक एवं निजी सचिव संवर्ग के पदों का पुनर्गठन के आदेश जारी हो चुके है।

विभाग मे उक्त पदों के पुनर्गठन के पश्चात कार्यालयवार पदों का वितरण शीघ्र करवाने, विभाग के सभी संवर्गों के मृतक राज्य कर्मचारियों के आश्रितों के बकाया अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निस्तारण एक माह में करने, विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती कराने जैसी मांगो पर चर्चा की गई। कार्मिकों ने कहा कि विभाग में नवीन तकनीको का प्रयोग किया जा रहा है, लेकिन विभाग के राजसेवकों के पास समुचित संख्या में कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट कनेक्टिविटी इत्यादि के अभाव के कारण कार्मिकों को काफी असुविधा हो रही है। वहीं एप पर उपस्थिति दर्ज किए जाने में हो रही असुविधा पर चर्चा के दौरान साइबर क्राइम, डेटाबेस में सेंधमारी होने के कारण एप पर उपस्थित की बाध्यता को समाप्त करवाने पर बात की गई। चर्चा के बाद मुख्य अभियंता प्रशासन दिनेश गोयल ने समस्याओं का समाधान जल्द करवाने का आश्वासन दिया।

---

**एसीबी का एक्शन:** 60 हजार की मांगी थी रिश्वत, सौदा 50 हजार में हुआ तय

## 45 हजार की घूस लेते पटवारी व ग्राम प्रतिहार अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

जमीन का सीमा ज्ञान कराने की एवज में 45 हजार रुपए की घूस लेते महिला पटवारी व एक ग्राम प्रतिहार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पटवारी रीना सोयल व ग्राम प्रतिहार रोडूमल से एसीबी ने रिश्वत की राशि बरामद कर ली। आरोपी ने पीड़ित से सीमा ज्ञान की एवज में 60 हजार रुपए की घूस की डिमांड की थी। बाद में सौदा 50 हजार रुपए में तय हुआ था। एसीबी ने आरोपियों के ऑफिस व घर पर सर्च किया, लेकिन कुछ नहीं मिला। एसीबी ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी रीना सोयल बराला हल्के में पटवारी के पद पर कार्यरत है और उसके पास में खजूरियान ब्रह्मणान हल्के का अतिरिक्त चार्ज था। एसीबी के डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पिछले सप्ताह एक परिवादी ने शिकायत की थी कि उसने खुद की जमीन का सीमा ज्ञान कराने के लिए पटवारी रीना सोयल से संपर्क किया था, लेकिन वह बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवा रही थी।



इस मामले में जब ग्राम प्रतिहार रोडूमल से संपर्क किया तो उसने रीना सोयल के नाम से घूस की डिमांड की। परिवादी की शिकायत का सत्यापन किया गया और ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए डिप्टी एसपी नीरज भारद्वाज के नेतृत्व में एक टीम बनाई। आरोपियों ने सोमवार को घूस की राशि लेकर ऑफिस बुलाया था, जहां पर एसीबी ने दोनों को घूस लेते रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया।

---

**रंग ला रहे प्रदेश को पर्यटन में देश-दुनिया का सिरमौर बनाने के प्रयास**

# दिया को जर्मनी में मिलेगा टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, पर्यटन दीया कुमारी को वुमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया के सम्मान से आईटीबी बर्लिन जर्मनी में सम्मानित किया जाएगा। आईटीबी बर्लिन जर्मनी में ही राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर रॉयल एक्सपिरिएंसेस के लिए पटवा इंटरनेशनल ट्रैवल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में विभाग राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में देश-दुनिया का सिरमौर बनाने में जुटा हुआ है। उपमुख्यमंत्री के निर्देशन में विभाग की ओर से दुनियाभर के पर्यटन मंचों पर निरंतर राजस्थान पर्यटन की ब्रांडिंग की जा रही है। दिया कुमारी राज्य और केंद्र सरकार की मंशानुरूप कार्य करते हुए राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रहीं हैं। इसी के फलस्वरूप पैसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) की ओर से राजस्थान को डेस्टिनेशन ऑफ द ईयर रॉयल एक्सपिरिएंसेस अवार्ड के लिए चयनित किया गया है।

यह अवॉर्ड पटवा की और से आईटीबी बर्लिन 2025 में दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विभाग की और से आईटीबी बर्लिन जर्मनी मार्ट में प्रतिवर्ष भाग लिया जाता है। पिछले वर्ष पर्यटन विभाग की और से प्रतिनिधि दल के साथ भाग लिया गया और जर्मनी एवं यूरोप के ट्रैवल एजेंटस के सामने राजस्थान के रॉयल एक्सपिरिएंस और पर्यटन उत्पादों की बेहतरीन ब्रांडिंग की गई।



### प्रदेश में बढ़ी विदेशी सैलानियों की तादाद

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राजस्थान पर्यटन के विभिन्न पहलुओं की देश और दुनिया में ब्रांडिंग उपमुख्यमंत्री पर्यटन दिया कुमारी के नेतृत्व में सघनता से की जा रही है। राजस्थान जयपुर में हाल ही में सफलतापूर्वक ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार का आयोजन किया गया है। आईजीटीबी का विदेशी टूर ऑपरेटर के द्वारा बेहतरीन रिस्पांस मिल रहा है। इसी प्रकार राजस्थान जयपुर में वेड इन इंडिया एक्सपो आयोजित कर राजस्थान की वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में ब्रांडिंग की गई है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए लगातार नियमित रूप से गतिविधियों के माध्यम से सफलता पूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं।

### सफल ब्रांडिग का असर

डिप्टी सीएम दिया कुमारी की ओर से राजस्थान के पर्यटकों को लेकर किए गए प्रयास अब रंग लाते दिख रहे हैं। इन प्रयासों से राजस्थान पर्यटन की विदेशी ट्रैवल मार्ट व ट्रेड फेयर में सशक्त उपस्थिति दर्ज हुई है। इसी का परिणाम है कि राज्य में विदेशी सैलानियों का रुझान बढ़ा है और संख्या में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में 328.52% की वृद्धि हुई है। विदेशी सैलानियों की यह संख्या ही विश्व में राजस्थान के पर्यटन के महत्व को बताने के लिए पर्याप्त है। घरेलू पर्यटकों की संख्या में भी 65% की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2023 में राजस्थान घूमने आने वाले पर्यटकों की कुल संख्या 18 करोड़ 7 लाख 51 हजार 794 रही।

---

### सास-बहू समारोह में की सार्थक चर्चा

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत जिले में सास-बहू सम्मलेन आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें विभाग की ओर से उपलब्ध करवाए जा रहे परिवार नियोजन के साधनों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि तामडिया स्वास्थ्य केंद्र के निकट पंचायत समिती पर आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से "सास बहू सदा सुखी रहो समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी विकसित करना था।

## जरूरी खबर

### विदेशी चि. स्नातकों के इंटर्नशिप आदेश किए निरस्त



**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल काउंसिल ने तीन विदेशी चिकित्सा स्नातक अभ्यर्थियों के दस्तावेज फर्जी होने के कारण उनके इंटर्नशिप आदेशों को निरस्त किया है। राज्य में विदेशी चिकित्सा स्नातक छात्रों को इंटर्नशिप कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। मई-2024 में जारी सूची के प्रमाणीकरण के दौरान तीन विदेशी चिकित्सा स्नातक छात्र फर्जी पाए गए। इनके इंटर्नशिप आदेशों को निरस्त किया गया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज कुमार मीणा, अंकुर कुमार और हिमांशु चौहान के इंटर्नशिप आदेशों को निरस्त किया गया है। साथ ही संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को उक्त सभी फर्जी अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास आज

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मंगलवार को 36.62 करोड़ लागत से सीकर रोड पर मुरलीपुरा से द्रव्यवती नदी तक बन रहे सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगी। जयपुर विकास प्राधिकरण ने इसके लिए 26.52 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं। प्रोजेक्ट के पहले चरण में 16.09 करोड़ की लागत से सीकर रोड के पूर्वी तरफ और 20.53 करोड़ की लागत से सड़क की पश्चिमी दिशा में नाले का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण में वीकेआई से सेन्ट्रल स्पाइन होते हुए बड़ी-खेड़ा और मुरलीपुरा में 19.21 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जाएगा। तीसरे चरण में 13.29 करोड़ की लागत से बाईपास रोड और खेतान अस्पताल के पीछे नाले का निर्माण होगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर सीकर रोड पर पानी भराव की समस्या से निजात मिल पाएगी।

**नीट परीक्षा विवाद पर हाईकोर्ट में 4 याचिकाओं पर सुनवाई**

# एनटीए और केन्द्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

बेधड़क | जयपुर

नीट परीक्षा विवाद को लेकर सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। वैकेशन जज जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने मामले में एनटीए और केन्द्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- मामला गंभीर है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट मामले में सुनवाई कर रहा है। 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में अगली तारीख है। ऐसे में हाईकोर्ट में मामले को 10 जुलाई को लगाया जाए। तब तक एनटीए और केन्द्र सरकार जवाब पेश करे। सोमवार को हाईकोर्ट में 4 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में नीट एग्जाम को लेकर हुई गड़बड़ियो के चलते पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई है।



### नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग

हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर करने वाले यश्विनी, तनुजा यादव और यक्शश्री दूबे के अधिवक्ता राम प्रताप सेनी ने बताया- हमने इन याचिकाओं में अदालत से मांग की है कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए पूरी परीक्षा को रद्द करके फिर से करवाया जाए। उन्होंने कहा- इस परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स के बैठने, चीटिंग और अन्य गड़बड़ियों को लेकर वडोदरा और अहमदाबाद एफआईआर दर्ज हुई हैं। इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं को 10 मिनट से लेकर आधे घंटे देरी से पेपर दिया गया। लेकिन उन्हें इसके लिए न तो अतिरिक्त समय दिया गया और न ही अन्य अभ्यर्थियों की तरह ग्रेस मार्क्स दिए गए।

### हिंदी माध्यम वालों को दिया अंग्रेजी का पेपर

हाईकोर्ट में आदित्य गौत्तम की ओर से याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता आरके गौत्तम ने बताया- उनके याचिकाकर्ता का सेंटर सवाई माधोपुर के माउन टाउन कस्बे के एक परीक्षा केन्द्र पर आया था। जहां 120 अभ्यर्थियों को गलत पेपर दे दिया गया। हिंदी मीडियम वालों को अंग्रेजी और अंग्रेजी मीडियम वालों को हिंदी माध्यम का पेपर बांट दिया गया। इससे सेंटर पर हंगामा हो गया। वहीं, करीब 1 घंटे से ज्यादा समय इसमें ही खर्च हो गया। पूरे केन्द्र पर हंगामा होने से वहां परीक्षा दे रहे सभी अभ्यर्थी परेशान हो गए। लेकिन परीक्षा केन्द्र वालों ने केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दुबारा परीक्षा देने का मौका दिया। जिन्हें गलत पेपर बांट दिया गया था। इसके अलावा किसी अन्य अभ्यर्थी को मौका नहीं दिया। वहीं, सेंटर का रिकॉर्ड कहता है कि 120 में से केवल 116 अभ्यर्थियो ने ही फिर से पेपर दिया। हंगामे के बीच 4 अभ्यर्थी पेपर लेकर सेंटर से चले गए। इससे यह पेपर भी लीक माना जाए। क्योंकि नीट परीक्षा में पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होती हैं।

**बिजनेसमैन के फ्लैट में घुसे बदमाश, 10 मिनट में वारदात कर फरार**

# गेट खोलते ही लगाई बंदूक, बंधक बनाया और लूट ले गए 75 लाख

## पुलिस को वारदात में नजदीकी रिश्तेदार के शामिल होने का शक

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में हथियारबंद बदमाश बिजनेसमैन के फ्लैट में घुसे और उसके 12वीं क्लास में पढने वाने बेटे को बंधक बनाकर 75 लाख रुपए लूट ले गए। बदमाशों ने मात्र 10 मिनट में वारदात को अंजाम दिया और रुपयों से भरा बैग कार में डालकर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलने पर विधायकपुरी थाना पुलिस ने शहर में ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाने के साथ ही वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लूट करने के तरीके और टाइमिंग को लेकर मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस को वारदात में नजदीकी रिश्तेदार के शामिल होने का शक है।

पुलिस ने बताया कि गोपालबाड़ी विधायकपुरी में गोपाल टावर अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर शराब और प्रॉपर्टी कारोबारी संतोष पूनिया का फ्लैट है। सोमवार शाम को व्यापारी के फ्लैट पर उनका 12वीं क्लास में पढ़ने वाला बेटा ही मौजूद था। शाम करीब 5 बजे लूट के मकसद से तीन बदमाश फ्लैट पर पहुंचे और बेल बजाई। इस पर बिजनेसमैन के बेटे ने गेट खोला। गेट खुलते ही तीनों बदमाश हथियार दिखाकर अंदर घुस गए और गोली मारने की धमकी देकर रुपयों के बारे में पूछा। बदमाशों ने बिजनेसमैन के बेटे को बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने अलमारी और तिजोरी में रखे 75 लाख रुपए बैग में रख लिए।



### रुपयों का बैग बालकनी से फेंका, खुद सीढ़ियों से उतरे

पुलिस के अनुसार बदमाशों ने बालकनी से बैग को नीचे फेंक दिया और सीढ़ियों से दौड़कर नीचे उतर गए। कुछ दूरी पर खड़ी अल्टो कार में तीनों बदमाश रुपयों से भरा बैग डालकर फरार हो गए। पीड़ित शराब कारोबारी के बेटे ने पुलिस कंट्रोल रूम में लूट की सूचना दी। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कार अपार्टमेंट के बाहर ही खड़ी कर रखी थी। बदमाश करीब 10 मिनट में पूरी वारदात कर फरार हो गए।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

लूट की सूचना मिलने पर विधायकपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नाकाबंदी करवाने के साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू किया। पुलिस की कई टीमों को लुटेरों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टास्क दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामला संदिग्ध लग रहा है। बिजनेसमैन के बेटे ने जो घटना बताई वैसा कुछ सीसीटीवी फुटेज में नजर नहीं आ रहा है। सीसीटीवी में एक 24-35 साल का युवक नजर आ रहा है, जो ट्रॉली बैग को आराम से ले जाते दिख रहा है। पड़ोसियों से पूछताछ में सामने आया है कि वारदात के बारे में उनको भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं लगी। चीखने की आवाज या शोर-शराबा नहीं सुना।

**कल बुधवार नीलामी उत्सव**

# HB करेगा 3,339 आवास, फ्लैट्स और भूखंड की नीलामी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से 26 जून को बुधवार नीलामी उत्सव में जयपुर, जोधपुर ,अजमेर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में कुल 3,339 स्वतंत्र आवास, फ्लैट्स और भूखंड की नीलामी की जाएगी। खास बात ये है कि ये नीलामी 50 फीसदी तक की छूट के ऑफर के साथ की जा रही है। 1 जुलाई से नई दरें, पुरानी दरों पर खरीद का स्वर्णिम अवसर राजस्थान आवासन मंडल की ओर से की जाने वाली ई-बिड सबमिशन योजना के तहत जयपुर, जोधपुर, अजमेर, बाड़मेर, कोटा, उदयपुर और अलवर में कुल 3,339 स्वतंत्र आवास, फ्लैट्स और भूखंड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

आवासन मंडल की ओर से पुरानी दरों पर खरीद का ये अंतिम स्वर्णिम अवसर होगा, क्योंकि एक जुलाई 2024 से नई दरें लागू होने जा रही हैं। आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि समाज के हर वर्ग की आर्थिक स्थिति को देखते राजस्थान आवासन मंडल की ओर से ये योजनाएँ लाई गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर वृत्त प्रथम में महला आवासीय योजना, अजमेर रोड में कुल 735 फ्लैट्स व्यास अपार्टमेंट, प्रताप नगर में कुल 15 फ्लैट्स



गोदावरी अपार्टमेंट, प्रताप नगर में 5 फ्लैट्स गंगा अपार्टमेंट, प्रताप नगर में 2 फ्लैट्स सरस्वती अपार्टमेंट, प्रताप नगर में 13 फ्लैट्स जयपुर वृत्त द्वितीय नाका मदार में होंगे। पहले गृह प्रवेश, फिर पूरा भुगतान आवासन मंडल की ओर से 50 फीसदी तक की छूट के साथ उपलब्ध करवाए जा रहे इन आवास, फ्लैट्स और भूखंडों में 10 फीसदी भुगतान देकर गृह प्रवेश किया जा सकेगा। बाकी भुगतान 156 आसान मासिक किश्तों में किया जा सकेगा। इस योजना में आवेदन के लिए ई-मित्र पर 100 रुपए का शुल्क देकर ई-बिड सबमिशन में भाग लिया जा सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन प्रस्ताव देने के लिए आवासन मंडल की वेबसाइट पर भी पूरी जानकारी उपलब्ध है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**RMSC प्रबंध निदेशक ने किया सांगानेर CHC का निरीक्षण**

## स्वास्थ्य केंद्र में खुले में रखे मिले दवा कार्टन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने सांगानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर, वहां मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के क्रियान्वयन की स्थिति देखी। उन्होंने दवाओं के कार्टन खुले में रखे होने पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएस दायमा को वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा संबंधित अधिकारी या कार्मिक की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने फार्मासिस्ट एवं अन्य कार्मिकों से दवाओं की उपलब्धता, मांग एवं आपूर्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हो। दवाओं की मांग के लिए रियल टाइम इंडेंट जारी किया जाए। मांग और आपूर्ति में किसी तरह का अंतर नहीं रहे।

भण्डार कक्ष में दवाओं का भण्डारण निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाए। प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य केंद्र में आपूर्तित जांच मशीनों का भी निरीक्षण किया। गिरि ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं के भण्डारण के लिए स्थान एवं संसाधनों की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों की एक टीम पुनः स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान आरएमएससीएल की कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास, बीसीएमओ डॉ. एसएस दायमा, पीएमओ डॉ. मुनेश जैन, प्रभारी अधिकारी जिला औषधि भण्डार गृह जयपुर द्वितीय डॉ. गजेन्द्र सोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**27 को दिल्ली में किया जाएगा बड़ा विरोध प्रदर्शन**

## पेपर लीक मामले में यूथ-कांग्रेस करेगी संसद का घेराव

बेधड़क | जयपुर

आए दिन पेपर लीक जैसी घटनाओं, युवाओं के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ सड़कों से संसद तक 27 जून को भारतीय युवा कांग्रेस के नेतृत्व में संसद का घेराव किया जाएगा। राजस्थान युवा कांग्रेस भी इसमें हिस्सा लेगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व सांगरिया विधानसभा सीट से विधायक अभिमन्यु पूनिया ने बताया कि राजस्थान से करीब 8 हजार से ज्यादा लोग इस घेराव शामिल होंगे। दिल्ली में संसद घेराव के साथ केंद्र में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे मांगने का काम यूथ कांग्रेस के हर कार्यकर्ता के द्वारा किया जाएगा। पूनिया ने राजस्थान की भजनलाल नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं को थर्ड ग्रेड में 50% आरक्षण देने की घोषणा की है, लेकिन इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल से करें। राजस्थान में बीजेपी सरकार अपने मंत्रिमंडल से इसके शुरुआत करते हुए महिलाओं को 33% आरक्षण दें। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासी बयान पर पूनिया ने कहा कि यूथ कांग्रेस इसका भविष्य में विरोध करेगी। इस दौरान अभिमन्यु पूनिया ने माना की बजरी चोरी के मामले पहले थे और वहीं मामले वापस आ रहे है। पहले बीजेपी आरोप लगाती थी, लेकिन अब बीजेपी सत्ता में है तो क्यों कार्रवाई नहीं की जाती।



**मुख्य सचिव ने ली समीक्षा बैठक**

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि सीधे खाते में होगी ट्रांसफर

बेधड़क | जयपुर

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खाते में सीधे हस्तांतरण के लिए झुंझुनूं में 27 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक हुई। पंत ने बताया कि सभी जिला स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित हों, जिसमे लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि एक साथ सीधे उनके खाते में हस्तांतरित हो सके। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 88.44 लाख लाभार्थियों के खाते में 1038.55 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के जरिए सीधा पैसा भेजा जाएगा।



### नोडल अधिकारियों से कोऑर्डिनेट करें

पंत ने सभी जिला कलेक्टर एवं कोऑपरेटिव विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना के नोडल अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेट करें और यह कार्यक्रम भी व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाए। इसमें करीब 65 लाख किसानों के खाते में करीब 650 करोड़ रुपए डीबीटी से ट्रांसफर किये जाएंगे।

### वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, पंचायती राज विभाग, अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शासन सचिव आरती डोगरा, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग सचिव शुचि त्यागी, सहकारिता विभाग, रजिस्ट्रार अर्चना सिंह सहकारिता विभाग, सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं जिलों के कलक्टर्स भी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।

### मुख्यमंत्री से संवाद के लिए श्रेणियां बनाई जाएं

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से संवाद के लिए महिलाएं, वृद्ध, ग्रामीण एवं शहरी पेंशनर्स जैसी श्रेणियां बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर एलइडी लगाए जाने के साथ सोशल मीडिया द्वारा वेबकास्टिंग की जाए। उन्होने झुंझुनू कलक्टर को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारी पूर्ण हो एवं लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था हो।

## जरूरी खबर

### जर्जर मकानों से खतरा, कार पर गिरा छज्जा



**उदयपुर।** जिले में जर्जर मकानों से खतरा बना हुआ है। रविवार की रात हुई रिमझिम बारिश के कारण शहर के ब्रह्मपुरी मोहल्ले में मकान का छज्जा गिर गया। घटना में छज्जे के नीचे खड़ी कार चकनाचूर को गई। सुशील शर्मा की कार की छत, बोनट, फ्रंट ग्लास, विंडो ग्लास टूट गए। कार के पास ही राजकुमार बापना और नीरज शर्मा खड़े थे। उन्होंने कार से दूर भागकर जान बचाई। बारिश शुरू होने से कच्चे, पुराने और कमजोर मकानों के ढहने की संभावना बढ़ गई है। नगर निगम के महापौर जी. एस. टाक ने बताया कि सोमवार से कमजोर, जीर्णशीर्ण मकानों, भवनों को गिरना शुरू कर दिया गया है।

### डंपर से कार भिड़ी, मां-बेटी की मौत

**फतेहपुर (सीकर)।** जिले के फतेहपुर सदर थाना इलाके में डिजायर कार डम्फर जा भिड़ी। इसके चलते दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। सदर थानाधिकारी मुनेशी मीणा ने बताया कि सच्च कैन्टीन, मालियों की ढ़ाणी, एनएच 11 पर बीकानेर की तरफ से आ रही डिजायर कार डम्फर से टकरा गई। इस हादसे में मां-बेटी अस्मा बानो व फिरदोश बानो की मौत हो गई। न्यास मोहम्मद, सदाम व सुमैया घायल हो गए हैं, जिनकी हालात गंभीर होने पर सीकर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी में रखवाया गया।

### MLA ने लोकतंत्र सेनानी के परिवार का किया सम्मान



**चाकसू।** आपातकाल योद्धा (इमरजेंसी) 1975 से 77 के चाकसू के एकमात्र दिवंगत लोकतंत्र सेनानी प्रकाश चंद्र शर्मा राडोली के निवास पर जाकर विधायक रामावतार बैरवा ने उनके परिवार का सम्मान किया। लोकतंत्र सैनानी की पत्नी बीना देवी व परिवारजनों को श्रीफल, शॉल व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक बैरवा ने शर्मा के आपातकाल और भाजपा पार्टी में दिए गए योगदान को याद किया। इस दौरान पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन कुमावत, मण्डल अध्यक्ष रामधन सैनी, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, मांगीलाल बैरवा, वरिष्ठ नेता अम्बालाल यादव भी मौजूद रहे।

**प्रतापराव के भोलेपन को मजाक का रूप देकर बनाए वीडियो ने पहले छीना चैन... फिर सांसें**

# जानलेवा रील... सोशल मीडिया का 'जहर' लील गया जिंदगी

**बेधड़क** | जोधपुर

सोश्यल मीडिया का सही उपयोग कर कई लोग अनेक उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर समाज को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रहे हैं। इससे जनमानस पर इतना विपरित पड़ रहा है कि कई लोगों की जिंदगी नरक बन गई है।

कुछ ऐसी ही मार्मिक कहानी है, जोधपुर के एक बुजुर्ग व्यक्ति प्रतापराम की। प्रतापराम के पास एक ठेला था, जिसमें वे रहते थे और प्लास्टिक की बोतलें और कचरा बीनते थे ताकि अपना पेट भर सकें। सोशल मीडिया की दुनिया से अनजान, वे बस अपनी जिंदगी की जद्दोजहद में लगे रहते थे। एक दिन, एक जापानी टूरिस्ट उनसे टकराई और मदद मांगी। प्रतापराम ने भोलेपन से पूछा, "आपको क्या लेना है मुझसे? भंगार लेना है क्या?" यह पल वीडियो में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यहीं से प्रतापराम का जीवन नरक बन गया। कुछ नौजवानों ने उनकी इस लाइन का मजाक बनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद, जहां कहीं भी प्रतापराम दिखते, लोग उनका मजाक उड़ाते, वीडियो बनाते और उनसे वही लाइन बोलने की मांग करते। धीरे-धीरे यह मजाक उनके जीवन पर भारी पड़ने लगा।



#### सोच में बदलाव की जरूरत

हमें इस घटना से सबक लेना चाहिए और समाज में सुधार लाने के लिए कदम उठाने चाहिए। सोशल मीडिया का सही उपयोग करें और किसी की भावनाओं का मजाक न बनाएं। हर व्यक्ति की जिंदगी की अपनी कठिनाइयां होती हैं और हमें उन्हें समझने और उनके प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। प्रतापराम की यह दुखद कहानी संवेदनशील बनने का संदेश देती है। सोशल मीडिया का सही उपयोग पर जोर देते हुए समाज में हर किसी के अतिस्त्व और इज्जत पर होने वाले प्रहार को रोकना होगा। अन्यथा बेकसुर यूं ही सामाजिक प्रताड़ना का शिकार होते रहेंगे।

#### सामने आया समाज का क्रूर चेहरा

इस घटना में समाज का क्रूर चेहरा सामने आया है। लोगों के लगातार ताने और मजाक के चलते प्रतापराम का मानसिक संतुलन बिगड़ गया। वे अब लोगों के पत्थर मारने लगे थे। उनका जीवन एक मजाक बनकर रह गया था। अंततः, वे इस मानसिक प्रताड़ना को बर्दाश्त नहीं कर सके और एक पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रतापराम के साथ जो हुआ, उसके लिए पूरा देश शर्मिंदा है। एक इंसान जो किसी के लिए तकलीफ नहीं था, उसकी जान समाज ने बिना हमला किए, बिना जहर दिए, ऐसे ही ले ली। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम इतने क्रूर हो गए हैं कि किसी की जिंदगी को मजाक बनाकर उसकी जान तक ले लें?

**असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने किया उद्घाटन**

# बटरफ्लाई पार्क की सौगात: झीलों की नगरी तितलियों की उड़ान से आबाद

**एजेंसी** | उदयपुर

देश और दुनिया से झीलों की नगरी उदयपुर की शानोशौकत को निहारने के लिए देश-विदेश से आने वाले सौलानियों के लिए अब यहां एक और पर्यटन स्थल विकसित किया गया है। अपने आप में खास राजस्थान के पहले बटरफ्लाई पार्क की सौगात उदयपुर को मिली है। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने बटरफ्लाई पार्क का उद्घाटन किया। 50 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ यह बटरफ्लाई पार्क में अलग-अलग प्रजातियों की तितितियों की उड़ान से आबाद दिख रहा है।

बटरफ्लाई पार्क की खासियत यह है कि इसमें एक विशेष प्रजाति की तितली समूचे भारतभर में सिर्फ इसी पार्क में पाई जाती है। उप वन संरक्षक अजय चित्तौड़ा ने बताया कि इस पार्क के शुभारंभ समारोह में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने किया। शहर के अंबेरी में स्थापित इस बटरफ्लाई पार्क का शुभारंभ लेकसिटीवासियों सहित देश-विदेश के पर्यटकों के लिए अनोखी सौगात है। उद्घाटन के बाद राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि हमारे पुरखों ने उदयपुर को जहां बसाया, वास्तव में बहुत अच्छी जगह है। चारों तरफ पहाड़ियां हैं, खुबसूरत झीलें हैं और नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण वातावरण है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ का इतिहास गौरवशाली रहा है और आज मेवाड़ जिस ऊंचाई पर है। वह भगवान एकलिंगनाथ की देन है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज हमें इन सौगातों को शुरू करने का अवसर मिला। इसके लिए वन विभाग की पूरी टीम तारीफ के काबिल है।



#### इन प्रजातियों की तितलियों के होंगे दीदार

बटरफ्लाई पार्क में कॉमन मोरमोन, लाइम, कॉमन रोज़, टेल्ड जे, प्लेन टाइगर, ब्लू टाइगर, चॉकलेट पेंसी, ब्लू पेंसी, लेमन पेंसी, पिकोक पेंसी, यलो पेंसी, डेनाइड एगफ्लाई, ग्रेट एगफ्लाई, कॉमन इमिग्रंट, मोटल्ड इमिग्रंट, कॉमन ग्रास यलो, व्हाइट ऑरेंज टिप, पायोनियर, गल, सालमोन अरब, कॉमन सिल्वरलाइन, कॉमन शॉट सिल्वरलाइन, प्लंबेअस सिल्वरलाइन, रेड फ्लेश, रेड पीएरोट, कॉमन सेरूलियन, पी ब्लू, फॉरगेट मी नोट, ग्रास ज्वैल, जेब्रा ब्लू जैसी तितली की प्रजातियां इस पार्क में देखने को मिलेंगी।

#### 'जेब्रा स्किपर' सिर्फ यहां दिखेगी

बटरफ्लाई पार्क निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा निवासी तितली विशेषज्ञ मुकेश पंवार ने बताया कि इस बटरफ्लाई पार्क की खास विशेषता यहां पर पाई जाने वाली एक विशेष प्रजाति की तितली है। इसका नाम जेब्रा स्किपर है। इस तितली का वैज्ञानिक नाम एर्नस्टा जेब्रा है। भारत में इस तितली की खोज वर्ष 2020 में मुकेश पंवार ने ही सागवाड़ा में की थी। उन्होंने बताया कि यह पार्क भारत पहला बटरफ्लाई पार्क होगा, जहां इस तितली की उपस्थिति देखी जा सकेगी। राज्यपाल कटारिया ने बताया कि इस तितली का जीवन चक्र अर्थात अंडा, लार्वा, पुपा तथा फूलों का रस पीने के पौधे (नेक्टर प्लांट) पर विश्व में पहली बार उनके शोध पर ही रिसर्च पेपर (बायोनॉट दिसंबर 2023) के माध्यम से प्रकाशित किया गया। यह तितली अपने अंडे मेलहानिया फुटेपोरेंसिस नामक पौधे पर देती है। यह संकट ग्रस्त पौधों की सूची में शामिल है।

**बेरोजगारों ने किया विरोध प्रदर्शन**

## महिला आरक्षण बढ़ाने के खिलाफ हल्ला बोल रैली, भरी हुंकार



**एजेंसी** | दौसा

तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के खिलाफ सोमवार को जिला मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने सोमनाथ सर्किल से कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकाली। इसके बाद कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

इस मौके पर युवाओं ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के 50 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की मांग की। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना-प्रदर्शन के बाद बेरोजगार युवाओं के नेता मनोज मीना के नेतृत्व में युवाओं ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। राजस्थान युवा शक्ति एकीकृत महासंघ की ओर से किए जा रहे इस आंदोलन का दौसा में मनोज मीना ने नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये आरक्षण युवाओं के हित में नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल को पहले कैबिनेट और विधानसभा में इस व्यवस्था को लागू करना चाहिए। इसके बाद इस आरक्षण को सरकारी भर्तियों में लागू करें।

#### निर्णय वापस नहीं तो होगा आंदोलन

युवाओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते इस आरक्षण को वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में उपचुनाव में राजस्थान का युवा जमकर सरकार का विरोध करेगा। साथ ही बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

**बैठक में जिला कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों साथ की चर्चा**

## स्कूल-कॉलेजों में होंगी सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं

**एजेंसी** | सीकर

जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने परिवहन विभाग को महाविद्यालयों, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर कमर चौधरी सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को ट्रैक्टरों पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

वहीं कलेक्टर ने एनएचएआई अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमोर्गों पर स्पीड मीटर लगाने, जिले की सड़क सुरक्षा कार्य योजना तैयार करने, हाईवे पर एम्बुलेंस किस-किस जगह पर उपलब्ध है और दुर्घटना होने पर अस्पताल पहुंचने में कितना रेस्पोन्स टाइम लगेगा, इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर चौधरी ने बैठक में एनएचएआई अधिकारी को अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के साथ ही अनुशासनात्मक कारवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिवहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपए की सहायता मिलने की योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को शनिवार को नो बेग-डे दिवस में बच्चों को सड़क दुघटनाओं की जानकारी देने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।



#### नियमों तो तोड़ने वालों पर हो कार्रवाई

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ ही सड़कों के निर्माण से जुड़े अन्य विभागों को सड़कों में सुधार करने तथा तीव्र मोड़ों को ठीक करने के निर्देश दिए। पुलिस एवं परिवहन विभाग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए लाईसेंस निलंबन करने की कार्रवाई करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीकर गजेंद्र सिंह जोधा, सीकर उपखण्ड अधिकारी जय कौशिक, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रहलाद सिंह सहित बैठक से जुड़े संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**लूट गिरोह का खुलासा: सुनसान रास्तों में करते थे वारदात**

## राहगीरों को लूटने वाले चार दबोचे

**एजेंसी** | अलवर

जिले की राजगढ़ थाना पुलिस की टीम ने सुनसान रास्तों पर राहगीरों एवं छोटे वाहन चालकों के साथ लूट की घटना करने वाले गिरोह का खुलासा कर चार बदमाशों को दबोचा है।

पुलिस ने माचाड़ी घाटी क्षेत्र में पिछले महीने बदमाशों द्वारा लूटी गई बाइक के साथ ही घटना में प्रयुक्त एक अन्य बाइक जब्त की है। एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि 1 मई को परिवादी ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि 30 अप्रैल की रात करीब 9 बजे व मंडावर से अपने गांव आ रहा था। रास्ते में झरना धाम माचाड़ी घाटी रोड पर उसे चार व्यक्तियों ने रोका और उसके सिर पर किसी वस्तु से वार किया। इसके बाद चारों लुटेरे उसकी बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद संकलित एवं तकनीकी सहायता से पुलिस ने घटना के आरोपी वीरेंद्र कुमार जाट (19), हेमंत सेन (22) निवासी बरखेड़ा थाना मालाखेड़ा, विष्णु सैनी (22) निवासी वार्ड नंबर 1 मालाखेड़ा एवं संदीप प्रजापत पुत्र रूप सिंह (20) निवासी लिली थाना मालाखेड़ा अलवर को गिरफ्तार कर लूटी गई बाइक व एक अन्य बाइक जब्त की है।




**बूंदी का स्थापना दिवस: गौरव गाथा साकार**

# गढ़ पैलेस में गणपति पूजा के बाद निकाली विरासत यात्रा

**बेधड़क** | बूंदी

ऐतिहासिक विरासत को अपने में समेटे बूंदी का 783वां स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत प्रदेश के नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए बधाई एवं शुभकामना संदेश प्रेषित किए हैं। बूंदी स्थापना दिवस के मौके पर जिले में उत्सवी माहौल नजर आया। कई जगहों पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गढ़ पैलेस में गढ़ गणेश की पूजा के साथ स्थापना दिवस का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिले के साथ ही प्रदेश और देश की तरक्की के लिए प्रथम पूज्य गणपति से प्रार्थना की गई। गणपति की पूजा-अर्चना के बाद विरासत यात्रा आरंभ हुई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बूंदी की ऐतिहासिक इमारतों का भ्रमण किया। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीना ने गढ़ पैलेस स्थित गढ़ गणेश की पूजा-अर्चना की। इसके बाद यहां से हैरिटेज वॉक शुरू हुई, जो शहर के चौगान गेट से, खोजागेट होते हुए खेल संकुल पहुंची।



#### पर्यटन स्थलों पर रहा निशुल्क प्रवेश

स्थापना दिवस के मौके पर जिले के पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का प्रवेश निशुल्क रहा। इसमें पूरे दिन पर्यटन स्थलों पर लोगों की खासी आवाजाही रही। स्थानीय और बाहर से आए लोगों ने ऐतिहासिक स्थलों के महत्व और उनकी गौरव गाथा को भी जाना। इस मौके पर बूंदी आर्ट गैलेरी में चित्रकला प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता हुई। पर्यटकों ने सुख महल, रानीजी बावड़ी, 84 खंभों की छतरी एवं राजकीय संग्रहालय सहित अन्य स्थानों का निशुल्क भ्रमण किया।

#### सांस्कृतिक संध्या में गूंजी गौरव गाथा

बूंदी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाम 7.30 बजे से नवल सागर की पाल के पास रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से जिले की गौरव गाथा को साकार किया। स्थानीय व बाहर से आए लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में काफी संख्या में पर्यटक नवल सागर की पाल पर नजर आए। कार्यक्रम में मयूर रास व फूलों की होली, कालबेलिया नृत्य, भवाई नृत्य, लंगा गायन, चरी- घूमर नृत्य, सहरिया नृत्य और बूंदी के लोक गीतों की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया।

**टास्क पूरा करने पर बड़े मुनाफे का झांसा**

## अंतरराज्यीय साइबर ठगी के दो शातिर धरे

**एजेंसी** | डूंगरपुर

जिले की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के दो और शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने डूंगरपुर निवासी एक युवक से टेलीग्राम मैसेंजर एप से टिकिट बुकिंग टास्क पूरा करने पर बड़ा मुनाफे का झांसा देकर 16 लाख 85 हजार 713 रुपए की ठगी की वारदात की थी।

मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। साइबर थानाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि डूंगरपुर जिले के माल निवासी विशाल पुत्र गजानंद मेहता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें उसने बताया था कि 21 मार्च को उसके टेलीग्राम मैसेंजर ऐप से टिकिट बुकिंग का टास्क पूरा करने पर बड़ा मुनाफा कमाने के नाम का एक आफर पर ठगी की। ठग ने 16 लाख 85 हजार 713 रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी हिम्मत सिंह व कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया।



### विवेकानंद यूनिवर्सिटी में 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ उद्घाटन

# शिक्षाविद करेंगे अनुसंधान और डेटा विश्लेषण कौशल पर मंथन

बेधड़क | जयपुर

एआईयू-वीजीयू-एएडीसी ने विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), जयपुर में रिसर्च मेथड्सः इकोनोमेट्रिक्स यूजिंग एसपीएसएस एंड ईव्यूज़ पर अपने 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का उद्घाटन किया। यह एआईयू-वीजीयू-एएडीसी द्वारा आयोजित वर्तमान सत्र में चौथा एफडीपी है, जो शिक्षाविदों के बीच उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और डेटा विश्लेषण कौशल को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है। वीजीयू के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रोफेसर संतोष कुमार ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और प्रतिभागियों को उन्नत डेटा विश्लेषण उपकरणों का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने संकाय सदस्यों की अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया।

### अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर विकास है महत्वपूर्ण

एआईयू-वीजीयू-एएडीसी के केंद्र प्रमुख डॉ. बूला चौधरी ने एफडीपी के उद्देश्यों, सीखने के परिणामों और लाभों को रेखांकित किया। प्रतिभागी डेटा विश्लेषण और अनुसंधान प्रकाशनों में गहराई से शामिल होंगे, जो अकादमिक उत्कृष्टता और पेशेवर विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। उद्घाटन सत्र वीजीयू में प्रबंधन संकाय की निदेशक मालविका डूडी बागरिया ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर के सम्मानित संसाधन व्यक्तियों, डॉ. राघवेंद्र और डॉ. ज्ञानेंद्र के प्रति आभार व्यक्त किया।



### 30 प्रतिभागियों को मिलेगा लाभ

एफडीपी से लगभग 30 प्रतिभागियों को इसका लाभ मिलने वाला है, जिसका उद्देश्य उन्हें एसपीएसएस और ईवीआईडब्ल्यूएस का उपयोग करके अर्थमितीय अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। यह कार्यक्रम एक समृद्ध अनुभव, ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल वृद्धि के लिए एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा देने का वादा करता है।

## Yuva स्टोरीज

### 30 जून को होगी सहायक अभियंता-यांत्रिकी परीक्षा



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक अभियंता-यांत्रिकी (भू-जल विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन 30 जून को सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पाँचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 27 जून को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं।

### सात विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी जारी

बेधड़क | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग ) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के 7 विषय पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री, ज्योग्राफी, ड्राइंग एंड पेंटिंग, म्यूजिक (वॉकल), फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर तथा साइकोलॉजी विषय की मॉडल उत्तरकुँजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 26 से 28 जून को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्रों के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इन परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### 17 हजार पदों के लिए CGL परीक्षा के आवेदन शुरू

**जयपुर।** कर्मचारी चयन आयोग (SSC) ने इस साल की एसएससी सीजीएल भर्ती का नोटिफिकेशन ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही भर्ती के लिए 24 जून से आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। 17 हजार 727 पदों के लिए हो रही इस भर्ती के आवेदन फॉर्म सब्मिट करने की अखिरी तारीख 24 जुलाई रात 11 बजे व फीस भुगतान की 25 जुलाई है। बता दें कि सीजीएल में हर साल लाखों की संख्या में अभ्यर्थी बैठते हैं। क्योंकि इस परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति भारत सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों में होती है। एसएससी सीजीएल 2024 में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। भर्ती परीक्षा में चयनित होने बाद उम्मीदवारों को ऑफिसर लेवल की जॉब मिलती है। इसमें असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर से लेकर इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, सहायक प्रवर्तन अधिकारी, टैक्स असिस्टेंट, सीनियर सेक्ट्रेरिएट असिस्टेंट समेत कई अन्य पद शामिल हैं।

### रेलकर्मियों के लिए प्रेरक कार्यशाला में बोले मोटिवेशनल स्पीकर आत्मानंद

# दूसरों के बजाय खुद को बदलें




आत्मानंद और अभेदानंद ने समग्र जीवन में सैद्धातिक मूल्यों पर आधारित विषयों पर दिए व्याख्यान

बेधड़क | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलकर्मियों और परिवारजनों के लिए प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रेरक कार्यशाला में आर्ट ऑफ लीविंग के मोटिवेशनल स्पीकर आत्मानंद और चिन्मय मिशन के अभेदानंद ने समग्र कल्याण एवं स्थायी जीवन पर आधारित विषयों पर प्रेरक व्याख्यान दिए। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ की पहल पर वर्तमान समय में जीवन को आसान, स्वस्थ बनाने और सम्पूर्ण जीवन में मूल्यों आधारित उद्देश्यों को सम्मलित करने के लिए विख्यात प्रेरक वक्ताओं आत्मानंद (आर्ट ऑफ लिविंग) तथा अभेदानंद (चिन्मय मिशन) द्वारा प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आत्मानंद (आर्ट ऑफ लिविंग) ने योग और ध्यान के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर और आसान बनाने के तरीकों को बताया। आत्मानंद ने उपस्थित रेलकर्मियों से कहा कि जीवन मैं जो आपके कंट्रोल में न हो, छोड़ देना चाहिए। दूसरों को बदलने के स्थान पर अपने आप को बदल लेना चाहिए। आदमी को बच्चे की तरह होना चाहिए, जो बिना किसी काम के कुछ भी करता रहता है। आत्मानंद ने इसके बाद उपस्थित समूह को ध्यान भी करवाया।

#### रेलवे परिवार ने लिया संकल्प

कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी कर्मचारी एवं परिवारजनों ने आमंत्रित वक्ताओं से अपनी सहमति देते हुए जीवन को आसान बनाने और मूल्यों आधारित शिक्षा को सम्मलित करने का संकल्प लिया। महाप्रबंधक अमिताभ ने आत्मानंद और अभेदानंद का अभिनंदन और उनके प्रेरणादायक सम्बोधन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में समग्र जीवन में सैद्धातिक मूल्यों पर आधारित विषयों कार्यशाला में अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं अध्यक्षा, उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन डां. अंजू सहित अधिकारी, रेल कर्मचारी एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

#### मन में दया- क्षमा का भाव रखना होगा

अभेदानंद (चिन्मय मिशन) ने कहा कि मनुष्य को सुखी जीवन के लिए 10 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। व्यक्ति को गुस्सा छोड़ देना चाहिए, दूसरों में बुराई के स्थान पर अच्छाई ढूंढनी चाहिए। अहंकार को छोड़कर इंद्रियों पर विजय पाकर राजा की तरह रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आदमी को मन में दया एवं क्षमा का भाव रखना चाहिए। पैसों को लक्ष्य बनाने के स्थान पर सभी का प्रिय बनने के लिए कार्य करना चाहिए। व्यक्ति को मोह एवं दूसरों की बातों को छोड़कर अपनी जिंदगी को सफल बनाना चाहिए। कार्यशाला में आत्मानंद और अभेदानंद ने उपस्थित श्रोताओं के सवालों के भी जवाब देकर उनकी जिज्ञासा का समाधान किया।

### प्राचार्यों के प्रशिक्षण शिविर में शिक्षामंत्री ने कहा...

# बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें

बेधड़क | कोटा

समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय के प्राचार्य को राजकीय नियमों एवं विभिन्न विभागों की कार्य योजना के प्रभावी निराकरण के लिए हरिशचंद्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान ओटीएस में विद्यालय के प्राचार्य का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 जून तक चलेगा।

शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रहे। उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में सुधार लाकर बच्चों में सर्वांगीण विकास करना है उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार अच्छे नागरिक बनाना हमारा मूल उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षकों को समय का पालन विद्यालय परिसर में साफ सफाई बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना लक्ष्य बनाना होगा।




#### 8 अगस्त को अमृत पर्यावरण दिवस मनेगा

उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ की कमी से तापमान में अभिवृद्धि हो रही है। इसके लिए हम सभी को मिलकर पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से आगामी 8 अगस्त को अमृत पर्यावरण दिवस के रूप में मनाने जा रहा है। जिसमें हम सभी को मिलकर प्रत्येक विद्यालय द्वारा पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगाई जाने वाले पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी संस्था प्रधान की होगी।

#### शिक्षा मंत्री ने किया पौधारोपण

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात पंचायत राज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ओटीएस परिसर में ही पौधारोपण किया। साथ ही इस पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी ओटीएस के अधिकारियों कर्मचारियों को सौंपी। उन्होंने कहा कि आने वाली वर्षा ऋतु में भी अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे लगाकर इस मानव जीवन को बचाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएंगे।

#### संस्थाप्रधान अपनाए नवाचार

मंत्री दिलावर ने कहा कि सभी संस्था प्रधानों को अपने-अपने विद्यालय में नवाचार को अपनाने की आवश्यकता है। जिससे बच्चे स्किल डेवलपमेंट की दिशा में आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा को रोजगार परक बनाना होगा ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई के उपरांत रोजगार कर परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करें।

### RU: संविधान स्तंभ की गलतियों को लेकर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में नवनिर्मित संविधान पार्क में संविधान स्तंभ पर हुई गलितयों के विरोध में सोमवार के एबीवीपी के छात्रों ने कुलपति को घेरा है। संविधान पार्क निर्माण कमेटी में जो-जो लोग शामिल थे। उन सभी के इस्तीफा की मांग की। हालांकि, अब संविधान स्तम्भ में की गई गलतियों को दुरुस्त करने और गलतियों का कारण जानने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक उच्च स्तरीय समिति का भी गठन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ये भी स्पष्ट किया है कि इस संविधान पार्क के निर्माण में विश्वविद्यालय गम्भीर रहा है और इसके निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से संविधान के विभिन्न प्रावधानों से जुड़ी मूल भाषा को लेकर विश्वविद्यालय के ही विधि संकाय से जुड़े विधि विशेषज्ञों की समय-समय पर तीन समितियों का भी गठन किया था। विशेष रूप से संविधान पार्क में हमारे संविधान से जुड़े विभिन्न प्रावधानों का मूल स्वरूप एवं मूल भाषा की अनुरूपता को सुनिश्चित करने सम्बन्धी विशेष दायित्व दिया गया था। विवि ने कहा है कि संविधान सम्मान हमेशा गौरव का विषय रहा है।



बुक लॉन्च | प्रोफेसर नकुल जसूजा और आरके मोदी ने किया है संपादन

# निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की दो बुक लॉन्च

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स की दो महत्वपूर्ण बुकें हाल्ही में लॉन्च गई है। ये दोनों बुकें स्टूडेंट्स के लिए महत्वपूर्ण है। इन बुकों का संपादन प्रोफेसर नकुल जसूजा और प्रोफेसर आरके मोदी द्वारा किया गया है।

इन बुकों का विमोचन निर्वाण यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग, सीईओ और वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा द्वारा किया गया। लॉन्च पुस्तकों में "द एआई रिवोल्यूशनःइगनाइटिंग मल्टीडाईमेंशनल ग्रोथ" और "इंडियन इकॉनोमीः प्रॉब्लम्स, पोलिसिस एंड चेलेंजेस" शामिल हैं। डॉ. एसएल सिहाग ने बुकों के संपादकों और लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि निर्वाण यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन्स समय समय पर बुकों का प्रकाशन करती है जो कि यूनिवर्सिटी के लिए गर्व का विषय है और इसके तहत अब तक कई बुकों का प्रकाशन हो चुका है। निर्वाण युनिवर्सिटी अपने स्टाफ और शोधार्थियों को शोध और लेखन में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रकाशन की विभिन्न सुविधाएं प्रदान करती है। इससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को शोध और अध्ययन में लाभ मिल रहा है। इस तरह की गतिविधियों से शिक्षकों को स्टूडेंट्स को अपनी पुस्तक छपवाने का अच्छा अवसर मिल रहा है।

#### एआई की जटिलताओं और प्रभावों पर मिलेगी जानकारी

प्रोफेसर नकुल जसूजा की पुस्तक "द एआई रिवोल्यूशन: इगनाइटिंग मल्टीडाईमेंशनल ग्रोथ" पुस्तक में विभिन्न क्षेत्रों में एआई का एक व्यापक अन्वेषण और परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में बताया गया है। इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को एआई की जटिलताओं और इसके संभावित प्रभावों के बारे में गहरी समझ प्रदान करना है। यह पुस्तक विशेष रूप से तकनीकी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, और शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। साथ ही जो एआई के भविष्य और इसके अनुप्रयोगों को समझना चाहते हैं। उनके लिए यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ का कार्य करेगी।

#### दिखेगी भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी समझ

वहीं प्रो. आर.के. मोदी ने बताया कि "इंडियन इकॉनोमी: प्रॉब्लम्स, पोलिसिस एंड चेलेंजेस" पुस्तक भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह पुस्तक विशेष रूप से भारतीय आर्थिक परिदृश्य में मौजूद समस्याओं, नीतियों और चुनौतियों पर केंद्रित है। पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को भारतीय अर्थव्यवस्था की गहरी समझ प्रदान करना है। यह विशेष रूप से छात्रों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी है।

# आपातकाल: पाठ्यक्रम में शामिल करने की तैयारी!




**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


25 जून, 1975 का वह काला दिन जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की गर्दन मरोड़कर देश में आपातकाल थोप दिया था। इंदिरा ने सिर्फ संविधान की धज्जियां ही नहीं उड़ाई बल्कि जनतांत्रिक मूल्यों को भी नजरअंदाज कर मानवीय मूल्यों को निर्ममता से रौंद डाला। देश कराह उठा और संविधान को बर्फ खाने में डाल दिया गया। जब भी 25 जून का दिन आता है आपातकाल की टीसें उभरने लगती हैं। उसी टीस का नतीजा है कि आपातकाल के पांच दशक बाद भी इस पर विमर्श जारी है। इन पांच दशकों में देश में युवाओं की ऐसी पीढ़ी आई है जो न सिर्फ लोकतंत्र की समर्थक है, बल्कि उन सभी विचारों की विरोधी है जो मानवीय गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। फिलहाल कहना मुश्किल है कि देश की युवा पीढ़ी इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल से खुद को कितना जोड़ पाई है या इसे लेकर उनका सोचने का तरीका क्या है? ऐसा इसलिए कि आपातकाल के बारे में न तो नई पीढ़ी को संपूर्ण जानकारी है और न ही उन्हें पता है कि आपातकाल क्या होता है? एक जिम्मेदार जनतांत्रिक राष्ट्र का कर्तव्य है कि वह अपनी आने वाली पीढ़ी को देश का इतिहास, संस्कृति, धर्म-दर्शन, राजनीति और जनतांत्रिक मूल्यों से सुपरिचित कराए। साथ ही उन अलोकतांत्रिक और जनविरोधी तानाशाही विचारों को भी उद्घाटित करे जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवीय मूल्यों और जनतांत्रिक गरिमा के खिलाफ है।

यह तभी संभव होगा जब राष्ट्र के प्रत्येक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक प्रसंगों को ईमानदारीपूर्वक शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ा जाएगा। आजाद भारत के इतिहास में ऐसे कई महत्वपूर्ण प्रसंग हैं जो बेहद आवश्यक होते हुए भी इतिहास का हिस्सा नहीं बन सके हैं। इसका मूल कारण इतिहास लेखन में पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव रहा है। सच कहें तो पूर्वाग्रहवश सही तथ्यों को छिपाया गया अथवा जानबुझकर तोड़-मरोड़कर परोसा गया है। यह स्थिति एक जीवंत राष्ट्र के नागरिकों और विशेषकर युवा पीढ़ी के साथ छल है। शिक्षा पाठ्यक्रम का हिस्सा न बनने वाले अनगिनत ऐतिहासिक प्रसंगों में एक आपातकाल भी है जिससे देश के युवा पीढ़ी का सुपरिचित होना आवश्यक है। आपातकाल के पांच दशक गुजर चुके हैं, लेकिन देश की नई पीढ़ी इस ऐतिहासिक घटना से पूरी तरह वाकिफ नहीं है। अगर आपातकाल के तत्काल बाद ही इस घटना को शिक्षा के पाठ्यक्रमों में जोड़ दिया गया होता तो देश की युवा पीढ़ी लोकतांत्रिक और तानाशाही विचारों के फर्क को बेहतर ढंग से समझती। इससे लोकतंत्र मजबूत होता। नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों को लेकर जागरुकता बढ़ती और इस विषय पर नजरिया स्पष्ट होता। यह अच्छी बात है कि अब आपातकाल के काले अध्याय को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग तेजी से मुखर हो रही है। अगर आपातकाल के प्रसंग को इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया जाता है तो युवा पीढ़ी को जानने-समझने का मौका मिलेगा कि किस तरह एक जनता द्वारा निर्वाचित सरकार ने अपने हठीले रवैए से लोकतंत्र को तबाह कर जनतांत्रिक मूल्यों को रौंद डाला था। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। एक स्वस्थ संसदीय लोकतांत्रिक परंपरा में धरना-प्रदर्शन, सत्याग्रह और सिविल नाफरमानी जनतंत्र के बुनियादी सिद्धांत और आधार होते हैं। कोई भी निर्वाचित सरकार इन लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती है। अगर दशकों पहले इस प्रसंग को शिक्षा पाठ्यक्रम से जोड़ दिया गया होता तो उसके गुण-दोष से आज की युवा पीढ़ी सुपरिचित होती। आपातकाल को शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ा जाना इसलिए भी आवश्यक है कि आपातकाल लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विपरित एक ऐसी तानाशाही विचारधारा है जिसे भारत ही नहीं दुनिया का हर सभ्य समाज और लोकतांत्रिक देशों द्वारा खारिज किया जाता है।

> “बहरहाल, अच्छी बात है कि जिस दौर में आपातकाल थोपा गया उसके बाद हमारा लोकतंत्र कमजोर होने के बजाए और ताकतवर व परिपक्व हुआ है। नागरिक अधिकारों व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सतर्कता बढ़ी है। न्यायपालिका दबावमुक्त, स्वतंत्र और सक्रिय हुई है। मीडिया आजादी की कुलांचे भर रही है। इन सबके बीच अगर आपातकाल की घटना को शिक्षा के पाठ्यक्रम से जोड़ दिया जाए तो लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही इस संबंध में युवाओं के विचार भी खुलकर सामने आएंगे।”

युवाओं को जानना होगा कि आपातकाल का मूल कारण 12 जून, 1975 का इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह फैसला था, जिसमें न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव को यह कहकर रद्द कर दिया था कि चुनाव भ्रष्ट तरीके से जीता गया। इसे ध्यान में रखते हुए न्यायमूर्ति ने इंदिरा गांधी पर छः साल चुनाव न लड़ने का प्रतिबंध लगा दिया। वहीं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस फैसले का सम्मान करने के बजाए सत्ता बचाने के खेल में जुट गईं। उनके पास बचाव के सिर्फ दो ही उपाय थे। या तो वह न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए अपने पद से इस्तीफा देती या संविधान का गला घोंटती। उन्होंने दूसरे रास्ते को चुना और संविधान को निलंबित कर दिया। आंतरिक सुरक्षा को मुद्दा बनाकर बगैर कैबिनेट की मंजूरी लिए ही देश पर आपातकाल थोप दिया। यही नहीं उन्होंने संवैधानिक नियमों को ताक पर रख उच्चतम न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की वरिष्ठता की अनदेखी कर चैथे नंबर के न्यायाधीश को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय पर स्थगनादेश जारी किए जाने के बाद इंदिरा और उग्र हो उठी। उन्होंने संविधानेत्तर सरकार चला रहे अपने पुत्र संजय गांधी की मदद से उन सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मटियामेट करना शुरू कर दिया जो लोकतंत्र की संवाहक थी। इंदिरा की सरकार अत्याचार की सभी सीमाएं लांघ गई। इंदिरा ने जयप्रकाश नारायण समेत उन सभी आंदोलनकारियों को मीसा और डीआइआर कानूनों के तहत जेल भेज दिया जो आपातकाल का विरोध कर रहे थे। सरकार ने प्रेस की आजादी पर प्रतिबंध लगा दिया। यहां तक कि समाचार पत्रों को अपने संपादकीय का स्थान रिक्त छोड़ने की भी अनुमति नहीं दी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## बहुत अहम रही बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा

# तीस्ता जल से बनेगा मजबूत रिश्ता




**गजानन्द शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार


> “तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा में नेता डेरिक ओ ब्रायन ने भी कहा है कि इस बारे में कोई फैसला करने से पहले पश्चिम बंगाल सरकार से कोई परामर्श नहीं किया गया। साफ है बांग्लादेश के साथ किसी भी समझौते पर आगे बढ़ने के लिए बंगाल को विश्वास में लेना जरूरी है, लेकिन इसके साथ इस बात को देखना भी जरूरी है कि चीन के हाथ तीस्ता तक नहीं पहुंच सकें।”

भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश एक साझा इतिहास और विरासत का हिस्सा हैं और उनके बीच के कई विवादित मुद्दे भी इसी साझा इतिहास की देन हैं जिनमें एक अहम मुद्दा नदी जल भी है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना हाल में भारत की यात्रा पर आई और दोनों देशों के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और कई घोषणाएं भी की गईं। जो दोनों देशों के बीच मधुर संबंधों का परिचायक हैं। द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए एक व्यापक फलक भी तय हुआ। लेकिन इसमें सबसे अहम रही तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक भारतीय तकनीकी दल को बांग्लादेश भेजने पर बनी सहमति। सामरिक व विदेशी मामलों के विशेषज्ञ इसे भारत की एक रणनीतिक सफलता मान रहे हैं। उनका कहना है कि भारत व बांग्लादेश में बनी इस सहमति से चीन की यह मंशा धरी की धरी रह गई कि तीस्ता नदी के संरक्षण और जल प्रबंधन का काम उसको मिल जाए।



चीन भारत के पड़ोस में ऐसी रणनीतिक महत्व की परियोजनाएं हासिल करने के लिए हर संभव जोड़तोड़ में रहता है चाहे फिर वह पाकिस्तान हो, नेपाल-श्रीलंका हो या बांग्लादेश हो। पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह और श्रीलंका हंबनटोटा बंदरगाह चीन की भारत को घेरने की सामरिक महत्वाकांक्षा का ही हिस्सा हैं। हाल में सर्वेक्षण पोत की सद्भावना यात्रा के नाम पर मालदीव भेजे गए उसके नौसैन्य पोत भी उसकी इसी योजना का हिस्सा हैं। ऐसे में तीस्ता का मुद्दा भारत और बांग्लादेश के बीच सिर्फ जल बंटवारे का ही मसला नहीं है बल्कि यह चीन को तीस्ता के संवेदनशील क्षेत्र से दूर रखने का सवाल भी है और यह काम तभी संभव हो सकता है जब ढाका में एक ऐसी सरकार हो जो भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर संवेदनशील हो। साथ ही वह चीन के किसी माया जाल में न फंसे। इसलिए तीस्ता नदी पर बनी सहमति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तीस्ता नदी सिक्किम में हिमालय की चोटियों से निकलकर पश्चिम बंगाल के कई जिलों से होती हुई बांग्लादेश में प्रवेश करती है और फिर बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र नदी में मिलकर बंगाल की खाडी में समुद्र में समा जाती है। इस तरह तीस्ता भारत में करीब 305 किलोमीटर और बांग्लादेश 109 किलोमीटर बहती है। तभी तो तीस्ता नदी सिक्किम, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश की एक बहुत बडी आबादी के लिए जीवनरेखा का काम करती है। मोटे तौर पर माना जाता है कि बांग्लादेश का 14 प्रतिशत इलाका सिंचाई के लिए तीस्ता नदी पर निर्भर है। वहीं, बंगाल में तीस्ता जलपाईगुड़ी पश्चिमी दिनाजपुर और दार्जिलिंग के किसानों के लिए समद्धि की राह है। तीस्ता का पानी वहां सिंचाई का अहम स्रोत है। इसिलिए पश्चिम बंगाल तीस्ता के पानी को लेकर बहुत संवेदनशील रहता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विरोध के चलते ही 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर एक नया फॉर्मूला समझौते का रूप नहीं ले सका था। बाद में जब पीएम नरेंद्र मोदी 2015 में बांग्लादेश के दौरे पर गए तब भी बात ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि तब भी ममता बनर्जी दौरे में प्रधानमंत्री मोदी के साथ गए दल में शामिल थीं। तब से करीब 9 साल के दौरान इस मामले में कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। ममता बनर्जी के सामने उत्तरी बंगाल के किसानों की जीवन रेखा का सवाल है तो बांग्लादेश की सरकार के सामने भी देश की एक बहुत बडी आबादी का हिस्सा जुडा है। वर्तमान में तीस्ता जल समझौते के तहत बांग्लादेश के हिस्से में 39 प्रतिशत पानी आता है जबकि शेष पानी भारत के हिस्से में आता है। लेकिन बांग्लादेश तीस्ता का 50 प्रतिशत पानी चाहता है। पश्चिम बंगाल इस पर तैयार नहीं है क्योंकि वहां की कोई भी सरकार अपने किसानों का हित पहले देखेगी। शेख हसीना की यात्रा के दौरान तीस्ता नदी पर एक तकनीकी दल बांग्लादेश भेजने पर बनी सहमति पर ममता बनर्जी की नाराजगी को भी इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। मीडिया में आई रिपोर्टों के अनुसार ममता बनर्जी इस बात से नाराज हैं कि उनसे इस बारे में कोई परामर्श नहीं किया गया। वह इस बारे में उन्होंने पीएम मोदी को एक पत्र भी लिखा है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा में नेता डेरिक ओ ब्रायन ने भी कहा है कि इस बारे में कोई फैसला करने से पहले पश्चिम बंगाल सरकार से कोई परामर्श नहीं किया गया। साफ है बांग्लादेश के साथ किसी भी समझौते पर आगे बढ़ने के लिए बंगाल को विश्वास में लेना जरूरी है, लेकिन इसके साथ इस बात को देखना भी जरूरी है कि चीन के हाथ तीस्ता तक नहीं पहुंच सकें। चीन की तीस्ता में दिलचस्पी इसलिए है क्योंकि यह सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चिकननेक यानी सिलीगुडी कोरिडोर के पास है। यह गलियारा पूर्वोत्तर भारत को देश के शेष भागसे जोडता है। चीन तिब्बत का जिस तरह से सैन्यकरण कर रहा है, वह भी भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके साथ ही यदि वह किसी परियोजना के बहाने बांग्लादेश से होकर चिकननेक तक पहुंचता है तो यह भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। बांग्लादेश के साथ हाल में बनी सहमति को इस सुरक्षा चिंता से भी जोडकर देखा जाना चाहिए।

शेख हसीना का यह भारत दौरा इसलिए भी बहुत अहम है कि वह अगले माह चीन की यात्रा पर जाने वाली हैं और उन्होंने संभवतया भारत और चीन के साथ रिश्तों में संतुलन साधने के लिए चीन से पहले भारत की यात्रा करने को प्राथमिकता दी। ऐसे में चीन कोई खेल करने की फिर कोशिश करे उससे पहले ही पीएम मोदी ने तीस्ता पर बांग्लादेश के साथ एक अहम सहमति कायम कर ली ताकि उसे तीस्ता से दूर रखा जा सके। चीन पिछले चार पांच साल से तीस्ता के संरक्षण और जल प्रबंधन में सहयोग के लिए बांग्लादेश को प्रस्ताव देता रहा है। लेकिन बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने इस मामले में भारत के सुरक्षा हितों को देखते हुए कोई अप्रिय कदम नहीं उठाया है जिससे दोनों देशों के बीच अविश्वास पैदा हो। अन्यथा मालदीव का उदाहरण हमारे सामने है। चीन की शह पर उसने किस तरह से भारत विरोधी रुख अपनाया है। भारत जानता है कि देश के सामरिक हितों की रक्षा के लिए चीन तीस्ता से जितनी दूर रहे, उतना ही अच्छा है। इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि तीस्ता का पानी भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को मजबूती के साथ सींचेगा। दोनों देशों के बीच रिश्तों की प्रगाढता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जासकता है कि पीएम शेख हसीना करीब 15 दिनों के अंतराल में दूसरी बार भारत के दौरे पर आई। इससे पहले वह पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आई थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# योगा , रक्षांन्ति जीवन्ति रक्षा: प्रण:नेति योग: रक्षांन्ति जीवनम रक्षा:




**प्रकाश हेमावत**
व्यंग्यकार


जीवन में विभिन्न प्रकार के योग का अवसर प्रतियोगिता के रूप में आते ही रहते हैं, जिसने अवसर को लपक लिया वह योग, प्रबल योग बनाकर सर्व सिद्धि योग बन जाता है। इस योग का लाभावसर उठाने के लिए ए टू जेड जनमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

21 जून को शुभ अंक का अंक मानकर योग अवसर आया है। कई महानुभावों ने बड़ी उत्साह और आनंद के साथ मनाया यह अवसर प्रतिवर्षानुसार आने वाला योग है। इस योग में अपना योग शामिल करते हुए पूरे देश में धूम मची हुई थी और प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ पूर्ण मनोयोग से सोशल मीडिया पर तरह-तरह के विचित्र योगासन वाली तस्वीरों के साथ-साथ कई प्रकार के वीडियो की झड़ी लग गई थी ऐसा लग रहा था ‘आया योग झूम के’ आज के दिन योग में योगदानकर्ता और योगदान करने वाले योगाचार्य के भाव-भाव योग मुद्रा के चित्र देखकर उनके मन मस्तिष्क और आनन पर गहन गंभीर, शांति और संतोष के भाव स्थाई रूप से एक दिव्यात्मक रूप से दिखाई दे रहे थे। योग कार्यक्रम के बाद बाद में ऐसा ही लगता है जैसे ‘चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात’।

मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि जो प्रतिदिन योग करके अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण का ध्यान रखते हैं वह मीडिया जैसे पहलुओं से कोसों दूर रहते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार का दिखावा पसंद नहीं है वह डंके की चोट कहते हैं ‘जिस तन में व्यायाम नहीं वह तन नहीं तस्वीर है’ सिर्फ एक दिन योग करने वाले योगा दिन की तस्वीर विभिन्न समाचार पत्रों में छपी हुई दिखाई देती है वह दिखावे में विश्वास करते हैं।

खूब हल्ला मचाते हैं और स्टेट्स तो ऐसे लगते हैं जैसे योग हमारा जीवन का आधार योग है तो जोग है। योग दिवस पर विभिन्न प्रकार के मान सम्मान प्राप्त करने वाले जनमानस एक जाजम पर योग दिवस के अवसर पर दिखाई देते हैं तो ऐसा लगता है कि सांप और मोर हिरण और बाघ दोस्त और दुश्मन एक साथ बैठे हैं इनको देखकर ऐसा लगता है यह ‘योगवन’ हो गया है जहां पर सब शांति शांति है। चलो अच्छा हुआ इस बहाने ही सही काम से कम एक ही दिन योग के बहाने सब एक जाजम पर आकर योगवन बनाकर मीडिया में छा गए और योग दिवस मनाया है। शुक्र है भगवान का योग दिवस शांतिपूर्वक निपट गया नहीं तो इसमें राजनीति घुसकर सामाजिक ढांचे को कमजोर करके धार्मिक माहौल बिगाड़ सकती थी।

अंत में इस योग दिवस पर मेरे मेरी जो योग चर्चा जब कागज पर अंकित हो रही थी मैं इस लिखित चर्चा को समाप्त करते हुए यही कहना चाहता हूं कि योगाः रक्षान्ति जीवन्ति रक्षाः , प्रणःन्ति योगः रक्षांन्ति जीवनम रक्षाः।

## नॉलेज कॉर्नर: समय-समय पर संसद में बुलाए जाते हैं सत्र

# सत्रों में होता है संसद का विशेष कामकाज

देश में नई सरकार बनने के बाद 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र की शुरूआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले संसद के सदस्य के तौर पर शपथ ली है। 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों यानी लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अक्सर नई सरकार बनने के बाद संसद सत्र बुलाई जाती है। ऐसे में आपकी जिज्ञासा होती होगी कि आखिर संसद सत्र कैसे बुलाए जाते हैं और किसके पास इसे बुलाने का अधिकार है? आज के नॉलेज में विस्तार से जानते हैं इस बारे में...

### सरकार बुलाती है संसद का सत्र

भारत में संसद का सत्र सरकार द्वारा बुलाया जाता है। भारत में संसद सत्र बुलाने का कोई तय संसदीय कैलेंडर नहीं है। परंपरा के अनुसार, संसद का सत्र आमतौर पर एक वर्ष में तीन सत्रों के लिए बुलाया जाता है। जब भी संसद सत्र शुरू होता है उससे पहले राष्ट्रपति विशेषाधिकारों के तहत संयुक्त सदनों को संबोधित करते हैं। संसदीय नियमों के अनुसार संसद के दो सत्रों के बीच का अंतराल 6 महीने



से अधिक नहीं हो सकता है, जिसका अर्थ है कि अगर 6 महीने में भी संसद का सत्र बुलाया जाता है तो एक साल में दो बार संसद का सत्र हो सकता है।

### विशेष सत्र की अनुमति

संसद के इन तीन सामान्य सत्रों के अलावा अगर जरूरत पड़ती है तो संसद का विशेष सत्र भी बुलाया जा सकता है। अगर सरकार महसूस करती है कि किसी विषय पर तत्काल संसद सत्र को बुलाने की जरूरत है तो वह राष्ट्रपति से इसके लिए अनुमति मांगती है। संविधान के अनुच्छेद 85(1) राष्ट्रपति को ऐसी स्थिति में संसद के प्रत्येक सदन का सत्र बुलाने का अधिकार होता है। वैसे संसद में तीन तरह के के सत्र बुलाए जाते हैं। इसमें बजट सत्र, जो अक्सर फरवरी से मई के बीच होता है। दूसरा मानसून सत्र (जुलाई से सितंबर के बीच) बुलाया जाता है और तीसरा शीतकालीन सत्र (नवंबर से दिसंबर के बीच) बुलाया जाता है। इन सत्रों में बिना रूकावट सदन का काम पूरा किया जाता है। साथ ही देश के गंभीर और ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होती है।

### यूं बुलाया जाता है विशेष सत्र

*विशेष सत्र बुलाने के लिए कुल सदस्यों का कम से कम 10वां हिस्सा जब राष्ट्रपति या लोकसभा अध्यक्ष को सत्र बुलाने के कारण के बारे में लिखित रूप में देते हैं। संसद का विशेष सत्र संसद के सदस्यों को भेजे गए निमंत्रण नोटिस में दर्ज किसी खास कामकाज को निपटाने के लिए आयोजित किया जाता है।* *कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

**X**



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सुदृढ़ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था हेतु प्रतिबद्ध... गत दिवस माननीय केंद्रीय ऊर्जा मंत्री श्री @mlkhattar जी से प्रदेश में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के विषय में हुई वार्ता के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 3.0 के विद्युत मंत्रालय द्वारा केंद्रीय उत्पादन केंद्रों के अनावंटित संग्रह से राजस्थान के लिए 400 मेगावाट बिजली का आवंटन किया जाना अभिनंदनीय है। इस अभूतपूर्व निर्णय हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय केंद्रीय ऊर्जा मंत्री जी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद। विद्युत शक्ति विकास का आधार है और डबल इंजन सरकार राजस्थान में निर्बाध विद्युत की आपूर्ति कर विकास के इस आधार को सतत मजबूती प्रदान कर रही है।



**गोविंद सिंह डोटासरा**, प्रदेशाध्य राज. कांग्रेस
@GovindDotasra
आदिवासी समाज ने देश के लिए लहू बहाया है, आज़ादी के संघर्ष में अपना बलिदान दिया है। उनके DNA पर शिक्षा मंत्री का बयान शर्मनाक है, उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

**तमिलनाडु शराब दुखान्तिका: भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र**

# कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल, कहा- 'खरगे जी' यह कार्रवाई का समय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में हाल ही में हुए जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि यह जहरीली शराब दुखान्तिका पूरी तरह से मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन की सरकार और अवैध शराब माफियाओं के बीच सांठगांठ नहीं होती तो शायद 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने कहा, खरगे जी, कार्रवाई करने का समय आ गया है। खोखले शब्द, फर्जी बयानबाजी और खोखले वादों से द्रमुक-इंडिया गठबंधन सरकार अनुसूचित जाति के पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति न्याय नहीं कर पाएगी।

उन्होंने कहा, जहरीली शराब त्रासदी के बाद कल्लाकुरिची के करुणापुरम गांव में चिताएं जलाने की भयावह तस्वीरों ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।



करुणापुरम में अनुसूचित जाति की काफी ज्यादा आबादी है, जो गरीबी और भेदभाव के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब इतनी बड़ी आपदा आई है, तो आपके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने चुप्पी क्यों साध रखी है?

### कुछ मुद्दों पर पार्टी लाइन से ऊपर उठने की जरूरत

खरगे ने कहा, कुछ मुद्दों पर हमें पार्टी लाइन से ऊपर उठने की आवश्यकता है और एससी, एसटी समुदाय का कल्याण और सुरक्षा भी एक ऐसा ही मुद्दा है। उन्होंने खरगे से कहा कि वह तमिलनाडु की द्रमुक सरकार पर सीबीआई जांच कराने और राज्य के मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री एस मुथुसामी को उनके पद से तत्काल हटाने का अनुरोध करें। उन्होंने यह भी मांग की कि पीड़ितों के परिजनों को दी जाने वाली मुआवजे की राशि को उचित तरीके से बढ़ाया जाए ताकि इन परिवारों को पर्याप्त सहयोग मिल सके।

### राहुल पर साधा निशाना

नड्डा ने कहा, आज समय है कि न्याय को लेकर कही गई बातों पर सही मायने में अमल किया जाए न कि इसे बस एक आकर्षक चुनावी नारे तक ही सीमित किया जाए। आज, तमिलनाडु के लोग और पूरा अनुसूचित जाति समुदाय कांग्रेस पार्टी और विशेष रूप से राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं के दोहरे मापदंड देख रहा है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि अचानक संविधान और अनुसूचित जाति-ओबीसी समुदाय के कल्याण एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने के बारे में राहुल गांधी के सभी पवित्र उपदेश बंद क्यों हो गए हैं?

### राहुल-सोनिया पीड़ित परिवारों से मिलने जाएं

भाजपा प्रमुख ने खरगे से आग्रह किया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी चुप्पी साधने के बजाय पीड़ित परिवारों से मिलने जाएं या कम से कम इस मुद्दे पर आवाज उठाने का साहस जुटाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन के विभिन्न घटकों में अवैध शराब कारोबार और शराब घोटालों की प्रवृत्ति है।

## प्रज्वल रेवन्ना 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



**बेंगलुरु।** यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सोमवार को प्रज्वल की हिरासत की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बाद विशेष जांच दल ने उन्हें अदालत में पेश किया। अदालत में एसआईटी ने हिरासत बढ़ाने की मांग की और इसके बाद प्रज्वल को 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया। दूसरी ओर प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) नेता सूरज रेवन्ना की मुश्किलें भी बढ़ गईं हैं। दरअसल बेंगलुरु की एक अदालत ने सूरज को 1 जुलाई तक सीआईडी की हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि सूरज रेवन्ना पर जेडी-एस के पुरुष कार्यकर्ता के यौन शोषण का आरोप है।

## विस में केरल का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर 'केरलम' करने का आग्रह किया। विधानसभा ने दूसरी बार प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले प्रस्ताव की समीक्षा की थी और कुछ तकनीकी बदलावों का सुझाव दिया था। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने केंद्र से देश के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में दक्षिण राज्य का नाम केरल से 'केरलम' करने की मांग की। प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मलयालम में राज्य को 'केरलम' कहा जाता है और मलयालम भाषी समुदायों के लिए एकीकृत केरल बनाने की मांग राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम के समय से ही जोरदार तरीके से उठी थी।

**बांग्लादेश से तीस्ता समझौते को लेकर ममता बनर्जी नाराज...कहा-**

# राज्य सरकार की राय-मशवरे के बिना एकतरफा वार्ता स्वीकार्य नहीं

**एजेंसी** | कोलकाता

बांग्लादेश के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारा और फरक्का संधि पर बातचीत को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज हैं। उन्होंने इसमें पश्चिम बंगाल सरकार को इसमें शामिल नहीं करने को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से पश्चिम बंगाल सरकार को शामिल किए बिना पड़ोसी देश के साथ ऐसी कोई चर्चा नहीं करने का भी आग्रह किया। उन्होंने मोदी को लिखे तीन पृष्ठ के पत्र में कहा, मैं यह पत्र बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की हालिया यात्रा के संदर्भ में लिख रही हूं। ऐसा लगता है कि बैठक के दौरान गंगा और तीस्ता नदियों से संबंधित जल बंटवारे के मुद्दों पर चर्चा हुई होगी। ममता बनर्जी ने लिखा कि परामर्श और राज्य सरकार की राय के बिना इस तरह का एकतरफा विचार-विमर्श और वार्ता ना तो स्वीकार्य है और ना ही वांछनीय है। उन्होंने कहा कि बंगाल का बांग्लादेश के साथ भौगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से बहुत करीबी रिश्ता है। बनर्जी ने कहा, मैं बांग्लादेश के लोगों से प्यार करती हूं और उनका सम्मान करती हूं। साथ ही हमेशा उनकी भलाई की कामना करता हूं। हालांकि, मैं अपनी कड़ी आपत्ति भी व्यक्त कर रही हूं। ममता ने यह पत्र ऐसे समय लिखा जब संसद का मानसून सत्र शुरू हो चुका है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बंगाल की सीएम इस मुद्दे को सदन में भी जोरदार तरीके से उठा सकती हैं। अगर इसे लेकर इंडिया गठबंधन के दलों का साथ मिला तो इस सत्र में और भी घमासान देखने को मिल सकता है।



### नीट को खत्म करने का अनुरोध

ममता बनर्जी ने पत्र में यह भी आग्रह किया कि 'पेपर लीक' विवाद को देखते हुए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को खत्म करने और राज्यों की ओर से परीक्षा आयोजित करने की पुरानी प्रणाली बहाल करने पर विचार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा, इस कदम से स्थिति को सामान्य करने में मदद मिलेगी और छात्रों में विश्वास भी बढ़ेगा। पत्र में ममता ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की।

### बंगाल की भागीदारी के बिना न हो बात

ममता ने कहा कि राज्य सरकार की भागीदारी के बिना बांग्लादेश के साथ तीस्ता जल बंटवारे और फरक्का संधि पर कोई चर्चा नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों का हित सर्वोपरि है, जिससे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाना चाहिए। मालूम हो कि पीएम मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच शनिवार को बातचीत हुई थी। इसके बाद मोदी ने कहा,'हमने 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर, एक तकनीकी दल जल्द ही बातचीत के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगा। इस बड़ी परियोजना का महत्व इसलिए बढ़ गया है क्योंकि चीन ने भी परोक्ष तौर पर इसमें रुचि दिखाई है। इस प्रोजेक्ट के तहत तीस्ता नदी के पानी के प्रबंधन और संरक्षण के लिए बड़े जलाशय और संबंधित बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की परिकल्पना की गई है।

### ममता बनर्जी के विरोध के कारण पहले भी टाल दिया गया था समझौता

दोनों देशों के बीच तीस्ता जल बंटवारे पर समझौता होने के लंबे समय से लंबित प्रस्ताव के बीच ताजा कदम उठाया गया है। एक समझौते पर सितंबर 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की बांग्लादेश यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की आपत्तियों के कारण इसे अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया था। दरअसल, ममता बनर्जी लंबे समय से जल-बंटवारे समझौते का विरोध करती रही हैं। उन्होंने राज्य में कटाव, गाद और बाढ़ के लिए फरक्का बैराज को दोषी ठहराया है। गंगा नदी के पानी के बंटवारे पर बांग्लादेश और भारत के बीच फरक्का समझौता 2026 में समाप्त होने वाला है।

**SC : हाई कोर्ट के फैसले का करें इंतजार**

# सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली जमानत, अब सुनवाई कल

- हाई कोर्ट आज सुना सकता है फैसला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर अंतरिम रोक हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि हमें दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है तो हमारा उसमें दखल देना उचित नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा, हम याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेंगे। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि संभावना है कि हाई कोर्ट का फैसला मंगलवार तक आ जाए। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा गया अरविंद केजरीवाल को हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना होगा। ज्ञात रहे कि केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा रिहाई पर लगाई गई अंतरिम रोक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट ने रोक का आदेश बिना कारण बताए पास किया है और फिर कोर्ट ने अपने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा, क्या ट्रायल कोर्ट ने पीएमएलए की धारा 45 के तहत संतुष्टि को रिकॉर्ड किया है? इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले हाई कोर्ट का फैसला आने दीजिए। हाई कोर्ट का फैसला हमारे पास होगा।



### ईडी ने हाई कोर्ट में लिखित जवाब दाखिल किया

दूसरी ओर केजरीवाल की जमानत रुकवाने के लिए हाई कोर्ट पहुंची ईडी ने सोमवार को अपना लिखित जवाब दाखिल कर दिया है। ईडी ने कहा है कि उसके पास पुख्ता और नए सबूत हैं। ईडी ने गोवा में आम आदमी पार्टी के नेताओं के दर्ज बयानों का भी हवाला दिया है। वहीं, केजरीवाल की तरफ से भी लिखित जवाब दाखिल किया गया है। जिसमें केजरीवाल के खिलाफ झूठे साक्ष्य गढ़ने का आरोप लगाया गया है।

**नवीन पटनायक का बीजद सांसदों को निर्देश**

# अब भाजपा को नहीं देंगे समर्थन सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएं

**एजेंसी** | भुवनेश्वर

बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक ने अपनी पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों के साथ बैठक की और उन्हें सदन की कार्यवाही के दौरान मजबूत विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका अदा करने के निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि राज्यसभा की कार्यवाही 27 जून से शुरू होने जा रही है। पटनायक ने अपने सांसदों से कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान ओडिशा के मुद्दों को जोर-शोर से उठाएं। बैठक के बाद बीजद के राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि इस बार पार्टी के सांसद चुप नहीं रहेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने साफ किया कि अब भाजपा को कोई समर्थन नहीं, केवल विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। हम ओडिशा के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। पात्रा ने कहा कि बीजद अध्यक्ष ने हमसे कहा कि अगर राजग सरकार ओडिशा की वास्तविक मांगों को नजरअंदाज करना जारी रखती है, तो हमें एक मजबूत और जीवंत विपक्ष के रूप में काम करना चाहिए। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार से उड़ीसा से जुड़े मुद्दों को लेकर सवाल करेंगे। पात्रा ने कहा कि ओडिशा को विशेष राज्य के दर्जे की मांग के अलावा बीजद सांसदों के द्वारा राज्य में खराब मोबाइल कनेक्टिविटी और कम बैंक शाखाओं के मुद्दे पर सवाल पूछे जाएंगे।



## मुंबई कांग्रेस प्रमुख वर्षा गायकवाड़ को बदलने की मांग

**मुंबई।** मुंबई कांग्रेस के 16 वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी की शहर इकाई प्रमुख वर्षा गायवाड़ को बदलने की मांग की है। दरअसल, राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए नेताओं ने ये मांग रखी। उन्हें लगता है कि लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य से जीत हासिल करने वाली वर्षा गायकवाड़ के पास संगठनात्मक स्तर पर काम करने के लिए समय नहीं है। सूत्रों ने बताया कि गायकवाड़ की कार्यशैली पर भी आपत्ति जताई गई।

**मनोज जरांगे का छगन भुजबल पर आरोप**

# मराठों व ओबीसी को बांटने के लिए भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल

**एजेंसी** | छत्रपति संभाजीनगर

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल पर एक बार फिर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को भुजबल पर महाराष्ट्र में मराठा-ओबीसी समुदाय के बीच खाई पैदा करने की मंशा से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने मराठा समुदाय को भी सतर्क रहने को कहा है। जरांगे ने यहां एक निजी अस्पताल से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा घोषणा की कि मराठा आरक्षण आंदोलन के लिए अगले कदम पर फैसला 13 जुलाई के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के मंत्री शंभुराज देसाई ने मराठा प्रदर्शनकारियों से 13 जुलाई तक इंतजार करने का अनुरोध किया है। तो हम इसके बाद ही अगली रणनीति के बारे में फैसला करेंगे।



### संघर्ष जारी रहेगा

मराठा समुदाय अब मुश्किल में है, जबकि मैं अकेला रह गया हूं। लेकिन मैं संघर्ष करूंगा और सुनिश्चित करूंगा कि मराठा समुदाय को ओबीसी श्रेणी में आरक्षण मिले। ज्ञात रहे कि जरांगे का यह बयान ओबीसी नेताओं की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के मुद्दे पर बढ़ते तनाव के बीच आया है। ओबीसी नेताओं की भूख हड़ताल से विभिन्न पिछड़ा वर्ग के लोग लामबंद हुए और फिर सरकार को दखल देना पड़ा।

**लोकसभा: नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ**

# सदन में दिखी देश की भाषायी विविधता... अलग-अलग भाषाओं में ली शपथ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के पहले सत्र में आज जब नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली तो भारत की भाषायी विविधता की झलक देखने को मिली। ज्यादातर सदस्यों ने हिंदी में शपथ ली तो कई सदस्यों ने असमिया, मैथिली, तेलुगू, संस्कृत, पंजाबी और अन्य भाषाओं में शपथ ली। सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सदस्य के तौर पर हिन्दी में शपथ ली। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्हें संविधान की प्रति दिखाई, जिसके बाद कई सांसदों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाए। पीएम मोदी के अलावा कैबिनेट मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अन्नपूर्णा देवी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान और मनोहर लाल खट्टर ने हिंदी में शपथ ली। नीट पेपर मामले में चर्चा में चल रहे ओडिशा के संबलपुर से सांसद और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उड़िया भाषा में शपथ ली। जब वह शपथ लेकर उठे तो विपक्षी सदस्यों ने 'नीट-नीट' के नारे लगाए। तेदेपा के सदस्य राममोहन नायडू और भाजपा सांसद जी किशन रेड्डी ने तेलुगू भाषा में, जनता दल सेक्यूलर नेता एच डी कुमारस्वामी और प्रह्लाद जोशी ने कन्नड में, जुएल ओरांव ने उड़िया में, सी आर पाटिल ने गुजराती में और सर्वानंद सोनोवाल ने असमिया भाषा में शपथ ग्रहण की। महाराष्ट्र से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित प्रतापराव जाधव और रक्षा खड़से तथा मुरलीधर मोहोल ने मराठी भाषा में शपथ ली। कर्नाटक से लोकसभा की सदस्य निर्वाचित हुईं शोभा करंदलाजे और वी सोमन्ना ने कन्नड़ में शपथ ग्रहण की। राज्य मंत्रियों चंद्रशेखर पेम्मासानी, बंडी संजय कुमार और भूपति राजू ने तेलुगु में शपथ ली। शांतनु ठाकुर और सुकांतो मजूमदार ने बांग्ला में तथा सुरेश गोपी ने मलयालम में शपथ ली। अन्य सभी मंत्रियों ने हिंदी भाषा में शपथ ली और किसी भी मंत्री ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण नहीं की।



### अखिलेश-डिंपल की जोड़ी ने खींचा ध्यान

लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान सबकी नजर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव पर रही। इस लोकसभा में देशभर से पति-पत्नी की ये एकमात्र जोड़ी है, जो जीतकर संसद पहुंची है। सदन में अखिलेश यादव जहां सबसे पहली पंक्ति में बैठे थे, वहीं डिंपल यादव दूसरी कतार में ठीक उनके पीछे बैठी थीं। चुनाव में पति-पत्नी के साथ लड़ने के तो कई उदाहरण हैं, लेकिन एक साथ लोकसभा पहुंचने की तस्वीर बेहद कम ही सामने आई है। ऐसे में संसद में अखिलेश-डिंपल की जोड़ी पर सभी की निगाहें थी।

### कई सदस्यों ने ली संस्कृत में शपथ

गोवा से भाजपा के सदस्य श्रीपाद येसो नाइक और मध्य प्रदेश के बैतूल से सदस्य निर्वाचित हुए केंद्रीय आदिवासी कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री और नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की सदस्य बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। तेलुगू देशम पार्टी के कृष्णा प्रसाद टेन्नेटी और भाजपा के चिंतामणि महाराज ने भी संस्कृत में शपथ ली।

### संविधान की प्रति के साथ शपथ ग्रहण

असम के धुबरी से कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर असमिया भाषा में शपथ ली। दरांग उदालगुड़ी से भाजपा सदस्य दिलीप सैकिया ने संस्कृत में शपथ ली, वहीं राज्य के दिफू से भाजपा सदस्य अमर सिंह टिसो ने अंग्रेजी में शपथ ली।

### मैथिली भाषा भी गूंजी संसद में

बिहार के शिवहर से जनता दल (यूनाइटेड) की सांसद लवली आनंद, मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक कुमार यादव, झंझारपुर से जदयू के रामप्रीत मंडल और दरभंगा से भाजपा सदस्य गोपालजी ठाकुर ने मैथिली भाषा में शपथ ली। चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने पंजाबी भाषा में शपथ ली।

### आंध्र की सांसद ने हिंदी को दिया मान

आंध्र प्रदेश के अराकू संसदीय क्षेत्र से वाईएसआरसीपी की सदस्य गुम्मा तनुजा रानी ने हिंदी में शपथ ली।

## जरूरी खबर

### भारत में होगा जैवलिन मिसाइलों का उत्पादन!

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में अमेरिका की जैवलिन मिसाइलों को तैयार किया जा सकता है। अमेरिका और भारत के बीच हाल ही में मिसाइलों के संयुक्त उत्पादन पर चर्चा की गई। अत्याधुनिक तकनीक वाली जैवलिन मिसाइलें इस समय भारतीय सेना की सबसे बड़ी जरूरत है। सूत्रों के अनुसार भारतीय सेनाएं कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल तकनीक पर विचार कर रहीं हैं। इससे कई फायदे होंगे। पहला यह कि इनका वजन कम होता है और कठिन इलाकों में सैनिकों द्वारा ले जाया जा सकता है। बताया गया है कि अमेरिका ने पहले भी भारत को जैवलिन मिसाइलों की ताकत दिखाई थी। हालांकि उस समय इस परियोजना पर बात नहीं बन पाई।

### सेना ने सिक्किम में 48 घंटे में बनाया पुल



**गंगटोक।** भारतीय सेना ने सिक्किम के उत्तरी हिस्से में सीमावर्ती गांवों को फिर से जोड़ने के लिए 48 घंटे से भी कम समय में एक झूला पुल का निर्माण किया। यह पुल भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित हुए गांवों को जोड़ने में मदद करेगा। सेना ने सोमवार को एक बयान में कहा, सेना की त्रिशक्ति कोर के इंजीनियरों ने सीमावर्ती गांवों को फिर से जोड़ने के लिए उत्तरी सिक्किम में 150 फीट के झूला पुल का निर्माण किया है। यह पुल उन स्थानीय लोगों को राहत देगा, जो लगातार बारिश के कारण दूसरे इलाके से कट गए थे। 48 घंटे से भी कम समय में एक नाले पर बना झूला पुल सीमावर्ती गांवों में संपर्क बहाल करेगा और लोगों व राहत सामग्री की आवाजाही में सुविधा प्रदान करेगा।

### चंडीगढ़: टॉय ट्रेन पलटने से गई बच्चे की जान

**चंडीगढ़।** चंड़ीगढ़ के एक मॉल में 22 जून को एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। परिवार के साथ घूमने आए 11 साल के एक बच्चे की टॉय ट्रेन के पलटने से मौत हो गई। पीड़ित शहबाज सिंह अपने परिवार के साथ आया तभी उसने मॉल में चल रही टॉय ट्रेन में घूमने की जिद की। परिवार ने थोड़ी देर तक मना किया लेकिन फिर उसके बाद हारकर उसे टिकट लेकर टॉय ट्रेन में बैठा दिया। थोड़ी ही देर में ट्रेन चल दी, बीच में जाकर उसका एक डिब्बा पलट गया जिससे शहबाज को सिर में चोट आई और वह बेहोश हो गया। परिवार के लोग उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचे जहां उसने दम तोड़ दिया।

## पधारो सा ....स्वागतम



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को लोकसभा सत्र में भाग लेने के लिए संसद भवन पहुंचने पर उनका स्वागत करते केंद्रीय विधि व न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह।*

### IB प्रमुख डेका को मिला 1 साल का सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** खुफिया ब्यूरो (आईबी) प्रमुख तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार मिला है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने औपचारिक रूप से इस विस्तार को मंजूरी दी है। ऐसे में डेका का कार्यकाल 30 जून, 2024 से आगे एक वर्ष आगे तक जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डेका खुफिया ब्यूरो में बेहतर अधिकारी को तौर पर काम करते रहे हैं। डेका ने अपना ज्यादातर करियर इंटेलिजेंस ब्यूरो में बिताया है। वे इंटेलिजेंस ब्यूरो में अतिरिक्त निदेशक भी रह चुके हैं। डेका ने अपना ज्यादातर करियर इंटेलिजेंस ब्यूरो में बिताया है। वे इंटेलिजेंस ब्यूरो में अतिरिक्त निदेशक भी रह चुके हैं। डेका आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ माने जाते हैं।

## पीएम मोदी ने सबकी सहमति से सरकार चलाने का दिया भरोसा

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुना बेहतर तरीके से चलाएंगे सरकार: मोदी

- पक्ष -विपक्ष को जनआकांक्षाओं पर उतरना होगा खरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबकी सहमति से सरकार चलाने का भरोसा देते हुए सोमवार को कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए विपक्ष की भी आवश्यक है और उन्हें उम्मीद है कि विपक्षी दल जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। 18वीं लोकसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले सांसदों का अभिवादन करते हए सभी से जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आग्रह किया।

मोदी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया है। यह बहुत ही महान विजय है और अब हमारा दायित्व भी तीन गुना बढ़ गया है। इसलिए देशवासी विश्वास दिलाता हूं कि हमारे पास दो बार सरकार चलाने का अनुभव है और हम पहले की अपेक्षा तीन गुना बेहतर सरकार चलाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के 65 करोड़ लोगों ने 18वीं लोकसभा के प्रतिनिधियों को आकांक्षाओं के साथ चुनकर भेजा है। जनता ने जो भरोसा जताया है, हम सबको मिलकर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतारना होगा।

उन्होंने कहा संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हम अपने बनाए नए संसद भवन में शपथ लेने जा रहे हैं। अब तक यह प्रक्रिया पुराने संसद भवन में हुआ करती थी। मैं सभी नवनिर्वाचित सांसदों का अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए विपक्ष की भूमिका आवश्यक है और उसके लिए भी जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की जरुरत है। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि विपक्ष जिम्मेदारी से अपने दायित्व निभाएगा। उन्होंने कहा देश की जनता को विपक्ष से अच्छे कदमों की अपेक्षा हैं। हालांकि अब तक उससे निराशा ही मिली है। मोदी ने कहा देश को अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष का आवश्यकता है। देश को आगे बढ़ाने का हम सब का दायित्व है और हम सबको मिलकर जनता के विश्वास पर खरा उतारते हुए आगे बढ़ाना है।

### राहुल ने गिनाए ये मुद्दे

- भीषण ट्रेन दुर्घटना
- कश्मीर में आतंकवादी हमले
- ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा
- नीट घोटाला
- नीट पीजी निरस्त
- यूजीसी नेट का पेपर लीक
- दूध, दाल, गैस, टोल और महंगे होना
- आग से धधकते जंगल
- जल संकट
- हीट वेव में इंतजाम न होने से मौतें

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, इंडिया का मजबूत विपक्ष अपना दबाव जारी रखेगा, लोगों की आवाज उठाएगा और प्रधानमंत्री को बिना जवाबदेही बच कर निकलने नहीं देगा।

### संविधान पर हमला स्वीकार्य नहीं: राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संविधान पर 'हमला' कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले विपक्षी दल को स्वीकार्य नहीं हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। राहुल ने लोकसभा के सत्र की शुरुआत से पहले संवाददाताओं से कहा कि हमारा संदेश यह है कि कोई भी ताकत भारत के संविधान को नहीं छू सकती। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने संविधान की प्रतियां हाथों में लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

### मांगा 15 दिन का हिसाब

राहुल गांधी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली नई राजग सरकार के पहले 15 दिनों के प्रदर्शन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में एनडीए के पहले 15 दिनों के कार्यकाल की खामियों का जिक्र किया। इसमें उन्होंने ट्रेन दुर्घटना, कश्मीर में आतंकवादी हमले से लेकर नीट परीक्षा पर मचे घमासान का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बस अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं।

### मोदी देशहित के किसी मुद्दे पर कुछ नहीं बोले : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद सत्र शुरू होने से पहले उन मुद्दों पर कुछ नहीं बोले जिनकी देश उनसे अपेक्षा कर रहा था। खरगे ने सांसद स्तर शुरू होने से पहले दिए प्रधानमंत्री के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कस्टमरी शब्द आज जरुरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। देश को आशा थी कि पीएम मोदी महत्वपूर्ण मुद्दों पर कुछ बोलेंगे। उन्होंने कहा नीट और अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक के बारे में युवाओं के प्रति कुछ सहानुभूति दिखाएंगे, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार की धांधली तथा भ्रष्टाचार के बारे में कोई ज़िम्मेदारी नहीं ली। हाल ही में हुई पश्चिम बंगाल की रेल दुर्घटना के बारे में भी मोदी जी मौन साधे रहे। मणिपुर पिछले 13 महीनों से हिंसा की चपेट में है लेकिन वे न वहां गए और ना ही उन्होंने आज के अपने भाषण में ताज़ा हिंसा के बारे में कोई चिंता व्यक्त की है।

## NEET-UG में गड़बड़ियों की जांच

# राजस्थान के तीन मामलों की जांच CBI ने ली अपने हाथ में

- गुजरात व बिहार के एक-एक केस में भी दर्ज की एफआईआर

**एजेंसी** | नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से जुड़े पांच नए मामलों की जांच हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी एफआईआर के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने के आसार हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, बिहार के मामले को छोड़कर बाकी चार मामले अभ्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने और स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अभ्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामलों जैसे दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपना केस दर्ज कर चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि इन नए मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से जुड़े कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

### EOU ने सीबीआई को सौंपे सबूत व दस्तावेज

**नई दिल्ली/पटना।** नीट-यूजी पेपर लीक जांच की जिम्मेवारी संभालने के बाद सीबीआई की दो सदस्यीय टीम सोमवार को दिल्ली से पटना पहुंची। इस टीम ने आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अफसरों के साथ पूरे दिन बैठक की और इस मामले में अब तक इकट्ठा किए गए साक्ष्य और दस्तावेज प्राप्त किए। इसके पहले सीबीआई की टीम पटना के स्थानीय सीबीआई कार्यालय से आईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों को अपने साथ लेकर पूर्वाह्न करीब 11 बजे ईओयू कार्यालय पहुंची। टीम ने एडीजी और डीआईजी से अलग-अलग भी मुलाकात की। ईओयू कार्यालय में बैठक के दौरान नीट पेपर लीक मामले में पहली छापेमारी एवं शुरुआती तफ्तीश करते हुए एफआईआर दर्ज करने वाले शास्त्रीनगर थाना के प्रभारी को भी बुलाया गया था। इनसे भी सीबीआई टीम ने केस में की गई कार्रवाई की जानकारी हासिल की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम ने ईओयू से उन दस्तावेजों और साक्ष्यों को खासतौर देखा एवं जानकारी ली, जिसके आधार पर प्रश्न-पत्र लीक होने की बात पुख्ता होती है। हजारीबाग के सेंटर से मिले साक्ष्य के बारे में विशेष तौर से जानकारी ली।

## हरियाणा सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

# सरकारी नौकरियों में 5 बोनस अंक देने का फैसला रद्द

**एजेंसी** | नई दिल्ली





पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के बाद अब हरियाणा सरकार को सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। राज्य में सरकारी नौकरियों में सामाजिक-आर्थिक आधार पर पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को 5 बोनस अंक दिए जाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। इससे पहले पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 31 मई को राज्य सरकार की नौकरियों में कुछ वर्गों के उम्मीदवारों को अतिरिक्त अंक देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित सामाजिक-आर्थिक मानदंडों को असंवैधानिक ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

जस्टिस अभय एस. ओका और राजेश बिंदल की अवकाशकालीन पीठ ने हरियाणा सरकार की इस नीति को 'लोकलुभावन उपाय बताते हुए उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि हमें उच्च न्यायालय के फैसले में कोई खामी या त्रुटि नहीं मिली। यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से दाखिल विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया। मामले की सुनवाई शुरू होते ही, पीठ ने अपील पर विचार करने के प्रति अनिच्छा व्यक्त की। पीठ ने कहा कि कुछ प्रतिभागी को अपनी मेधा के आधार पर 60 अंक मिलते हैं, किसी और को भी 60 अंक मिले हैं, लेकिन सरकार की इस नीति के चलते कुछ प्रतिभागियों को पांच अनुग्रह अंकों के कारण अंक बढ़ गए, ये सभी लोकलुभावन उपाय हैं। पीठ ने सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप इस तरह की कार्रवाई का बचाव कैसे कर सकते हैं कि किसी को पांच अंक अतिरिक्त मिल रहे हैं?

### 23 हजार युवाओं की नौकरी पर तलवार

मालूम हो कि हरियाणा की तत्कालीन मनोहर लाल खट्टर सरकार ने नौकरियों में सामाजिक व आर्थिक आधार पर पिछड़े आवेदकों को 5 बोनस अंक देने का फैसला किया था। यह 5 मई, 2022 से लागू किया था। साल 2023 में निकाली गई ग्रुप सी और डी की भर्ती में ये फैसला लागू हुआ था। कोर्ट के फैसले से 23 हजार युवाओं की नौकरी पर तलवार लटक गई है। युवाओं को दोबारा एग्जाम देना पड़ेगा। अगर वे पास नहीं हो पाए तो नौकरी से बर्खास्त हो जाएंगे।

### किसी की नौकरी नहीं जाने देंगे : नायब सैनी

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चयनित 23 हजार कर्मचारियों की नौकरी किसी भी सूरत में नहीं जाने देंगे। चाहे अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल करनी पड़े या फिर कर्मचारियों की नौकरी बचाने को लेकर विधानसभा में विधेयक लाना पड़े। हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है और इनकी लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी। विपक्ष केवल लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो सकेगा।

## विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ का कबूलनामा

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों का हो रहा है उत्पीड़न

**एजेंसी** | इस्लामाबाद/नई दिल्ली

पाकिस्तान में आए दिन ईशनिंदा के नाम पर हिंदू, अहमदिया या ईसाई समुदाय के किसी व्यक्ति की मॉब लिंचिंग की खबरें आती हैं। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी स्वीकार किया है कि वहां अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। ख्वाजा आसिफ ने नेशनल असेंबली में बोलते हुए माना कि हमारे यहां मजहब के नाम पर अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न हो रहा है। यह चिंता की बात है। उन्होंने कहा, हर दिन अल्पसंख्यकों का कत्ल होता है। इस्लाम की छाया में वे सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। मैं उनकी चिंताओं को दूर करना चाहता हूं, लेकिन विपक्ष अड़ंगे लगाता है। पाकिस्तान की दुनिया भर में बदनामी हो रही है। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सिख, हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों को जबरन धर्मांतरण, अगवा करने, हत्याओं और धार्मिक स्थल पर हमलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी एक राज्य में नहीं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में यह समस्या आ रही है। उन्होंने कहा कि अहमदिया समुदाय को सबसे ज्यादा समस्या झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की ओर से संरक्षण दिए जाने के बाद भी इस्लाम से ही जुड़े छोटे पंथों के अलावा दूसरे मजहबों के लोग भी सुरक्षित नहीं हैं।

### रामबाग गोल्फ क्लब में गोल्फ टूर्नामेंट 'एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग-2024' संपन्न

# सुहाने मौसम में गोल्फर्स ने दिखाया दमखम, लगाए आकर्षक शॉट्स

**बेधड़क.जयपुर।** हैंडीकेप्स विजेता व उपविजेताओं को जब पुरस्कृत किया गया तो वे रोमांचित नजर आए और सभी ने अपनी सक्सेस को अपने-अपने अंदाज में चीयर किया। ये थे जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में 2 दिवसीय मंथली गोल्फ टूर्नामेंट 'एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग-2024' में हिस्सा लेने वाले प्लेयर्स, जिन्होंने दमखम दिखाया।



### अन्य श्रेणियों के विजेता

अन्य श्रेणियों में विजेता नियरेस्ट टू पिन के विजेता विनोद आर्या (जयगढ़ हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता अनस शम्सी (आमेर हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव-वेटरन के विजेता कर्नल राज सिंह (जयगढ़ हाउस) रहे। इसी तरह स्ट्रेट ड्राइव के लिए पुरस्कार राजकुमार अरोड़ा (नहारगढ़ हाउस) और स्ट्रेट ड्राइव-वेटरन का खिताब अमी लाल मीना (आमेर हाउस) ने जीता।





### अल्बर्ट, जयगढ़, नहारगढ़, आमेर का चला जादू

टूर्नामेंट में 4 हाउस (अल्बर्ट, जयगढ़, नहारगढ़ और आमेर हाउस) से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उपविजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। इसमें ग्रॉस विनर हेमेंद्र चौधरी (जयगढ़ हाउस) और ग्रॉस रनर-अप विशाल सिंह (अल्बर्ट हाउस) रहे। सभी विजेताओं को रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन शिरीष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामेन्ट कन्वनीर शरद अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### इस तरह चला खेल

शिरीष सचेती ने बताया कि हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में राज कुमार नैन विजेता और हृदान सरावगी उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में देवेन्द्र एस राजावत विजेता, उपविजेता रोहित सेठी, 19-24 में युवराज सिंह विजेता, धर्मपाल सिंह उपविजेता, वेटरन गोल्फर के विजेता डॉ. बी एम रतूड़ी, उपविजेता प्रताप सिंह रहे। इसी प्रकार टूर्नामेंट में लेडीज गोल्फर में विजेता का पुरस्कार सारा चौधरी ने हासिल किया और उपविजेता आयशना जैन रहीं।

## एक्ट्रेस मन्नारा ने किया अवेयर



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में बूट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें चीफ गेस्ट के रूप में एक्ट्रेस मन्नारा चोपड़ा ने शिरकत की। साथ ही कई देशों के लोग शामिल हुए और विकास पर चर्चा की गई। डॉ. ओपेश सिंह ने बताया, कि सबने इस मौके पर लोकल को ग्लोबल बनाने का संकल्प लिया। कैंप में युवा उद्यमियों को गाइड किया गया। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति लोगों को अवेयर करते हुए मोटे अनाज को दुनिया भर की टेबल तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## अहिंसक आहार पोस्टरों की लगेगी प्रदर्शनी



**बेधड़क. जयपुर।** धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत की अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के प्रांत स्तरीय संयोजकों की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला की अध्यक्षता, कार्याध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस, धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या कामां एवं प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक इंजीनियर प्रेमचंद जैन छाबड़ा के सानिध्य में दुर्गापुरा जैन मंदिर स्वाध्याय कक्ष में आयोजित हुई। संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया ने बताया कि संयोजक रेखा पाटनी, अमित शाह, सुभाष पहाड़िया, राजेंद्र पापड़ीवाल और सिद्ध सेठी आदि ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। बैठक में राजेंद्र ठोलिया, अनिल जैन, संजय बडजात्या ने विचार व्यक्त किए। बिलाला ने बताया कि प्रत्येक सहभागी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## ओमवीर भार्गव का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड-2024 में ओमवीर भार्गव को सम्मानित किया गया। समग्र सेवा संस्थान की ओर से जवाहर कला केंद्र में हुए आयोजन में देश भर की 51 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया था, जिसमें भार्गव शामिल थे। समग्र सेवा संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा ने बताया कि समारोह में विभिन्न राज्यों से अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मान दिए गए।

## City इवेंट्स

### रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर ग्लो वॉक में कांसिटेंट रनर ऑफ जयपुर से रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक का सम्मान किया गया। विधायक गोपाल शर्मा और डिवाइन स्पोर्ट्स के अंशुल जैन ने उनको ये सम्मान प्रदान किया। टांक लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते रहते हैं। टांक को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जयपुर रनर्स अध्यक्ष प्रवीण जैन तिजारा, भावना, मुकेश मिश्रा रवि गोयंका, दीपक बागड़ा उपस्थित रहे।

### इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग 7 नवंबर से



**बेधड़क. जयपुर।** एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी मीटिंग यूथ हॉस्टल जयपुर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सीनियर नेशनल चैंपियनशिप राजस्थान को, जूनियर नेशनल चैंपियनशिप महाराष्ट्र को, सब जूनियर तमिलनाडु को तथा फैडरेशन कप उत्तर प्रदेश को अलॉट किए गए। नेशनल सॉफ्ट हॉकी वर्कशॉप जयपुर में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में बताया गया कि इस साल इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग कराई जाएगी जो जयपुर में 7 से 10 नवंबर तक सवाई मानसिंह इनडोर स्टेडियम में आयोजित होगी। लीग में 8 पुरुष व महिला टीमें भाग लेंगी। रजिस्ट्रेशन 6 जुलाई से किए जा सकेंगे। इंडियन सॉफ्ट हॉकी लीग चेयरमैन संजय पाटनी व वाइस चेयरमेन पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ को बनाया गया है। फाइनेंस कमेटी की जिम्मेदारी पियूष सोनी जैन, राजेश काला, नवीन काला, इंद्रजीत सिंह शेखावत को दी गई है।


### वर्कशॉप में रोग भगाने पर हुई चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** अपेण म्यूजिक संस्थान की निदेशक रूपाली गौड़ के निर्देशन में वर्कशाप का आयोजन किया गया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा योग से रोग भगाने के महत्व को समझा। इस अवसर पर ऐसानी गौर ने सहभागियों को बताया कि योग सिर्फ एक दिन करने की क्रिया नहीं है, बल्कि इसे रोजाना अपनाने से जीवन को स्वस्थ बनाया जा सकता है।

### अलौकिक कीर्तन दरबार में मत्था टेका

## प्रभ का सिमरन सब ते ऊंचा प्रभ के सिमरन उदरे मुचा...



**बेधड़क | जयपुर**

वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतह, धन गुरु नानक, सतनाम वाहेगुरु के जयकारों से सूरज मैदान गूंज उठा। मुंबई के भाई साहब गुरप्रीत सिंह रिंकू वीरजी के प्रवचन के लिए हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे और अलौकिक कीर्तन दरबार में श्रद्धा से मत्था टेका।

श्रीअकाल तख्त की सरपरस्ती में गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सभा नेहरू नगर पानीपेच व शहर की समूह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सहयोग से अलौकिक कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। कार्यक्रम से जुड़े हरविंदर सिंह रूबी, हरचरण जेठरा व गुरमीत सिंह ने बताया कि शुरुआत में पानीपेच गुरुद्वारे से गुरुग्रंथ साहिबजी का स्वरूप पांच प्यारों की अगुआई में श्रद्धापूर्वक कीर्तन करते दशहरा मैदान होते सूरज मैदान पहुंचा। लवाजमे के संग बैंड गुरु के भजनों की स्वर लहरियां बिखेर रहा था। आगे सेवादार सड़क पर सफाई करते और जल छिड़कते चल रहे थे। सूरज मैदान में श्री गुरुग्रंथ साहिबजी को एक ऊंचे मंच पर प्रकाश किया गया।

दरबार में सुखमनी साहिब के पाठ आरंभ हुए, जिसमें प्रभ का सिमरन सब ते ऊचा, प्रभ के सिमरन उदरे मुचा। प्रभ के सिमरन तृष्णा बुझे। प्रभ के सिमरन सब कुछ सुझे.... संगत ने बड़े भाव से उच्चारित किया। इसके बाद रहरास साहिब के पाठ प्रारंभ हुए। उसके बाद गगन मैं थालु रवि चंदु दीपक बने तारिका मंडल जनक मोती... आरती गायन हुआ।

### कलाकार शिविर का उद्घाटन

## सीनियर्स ने कला पर विमर्श में विजुअल आर्ट को किया मोटिवेट



**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय स्तरीय कलाकार शिविर कला मंथन के तृतीय संस्करण में कलाकार शिविर का उद्घाटन किया गया। डॉ. रजत पंडेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद (सहायक प्रोफेसर) आदि ने अतिथियों को स्वागत किया। शिविर में भाग लेने के लिए उज्जैन से वरिष्ठ कलाकार चंद्रशेखर काले, देवास से मनोज पंवार, वड़ोदरा से अजीत वर्मा, गोरखपुर से डॉ. भारत भूषण, उदयपुर से चेतन औदिच्य, जयपुर के डॉ. रीता पांडे, रितिक पटेल, ताराचंद शर्मा, डॉ. रेणु शाही, नीलम नियाजी, रीतिका जांगिड, नीरज सैनी, रुचि दीक्षित, आकाश जांगिड, पूजा भारद्वाज और हिमाक्षी शर्मा भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में उज्जैन से वरिष्ठ कलाकार चंद्रशेखर काले ने आयोजकों का आभार जताया और महत्वाकांशी आयोजन की सार्थकता बताई। वरिष्ठ कलाकारों के सानिध्य के अवसर सृजित करने के लिए कला चर्चा की सराहना की गई। वहीं, गोरखपुर उत्तर प्रदेश से वरिष्ठ शिक्षाविद व कलाकार डॉ. भारत भूषण ने आयोजन के लिए वरिष्ठ कलाकार कला चर्चा और विजुअल आर्ट्स विभाग को मोटिवेट किया। साथ ही बताया कि कला प्रेमियों के लिए कला गतिविधियों का अवलोकन करने के लिए शाम 5 से 7 बजे का समय निर्धारित है। इस दौरान कार्यशाला में कार्य प्रगति देख सकते हैं। सभी प्रतिभागियों के लिए प्रतिभागिता निःशुल्क है।

**क्रिएटिविटी** | वृत्तचित्र व आलोचना पुस्तक का हुआ विमोचन

# नाट्य शास्त्र की रचना करना एक सामाजिक क्रांति

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय नाट्य परम्परा मनुष्य को आत्मिक सुख की ओर ले जाती है। नाट्य शास्त्र से मनुष्य रस प्राप्त करता है। संसार का सबसे पहला अभिनेता ऋषि था, इसलिए आज का प्रत्येक अभिनेता उस ऋषि परम्परा को संभाले हुए है।

एक अभिनेता को कुशलता, सहृदयता, वाकपटूता व श्रमविजेता होना चाहिए। यह विचार कवि-आलोचक व नाट्य निर्देशक प्रोफेसर अर्जुनदेव चारण ने संवळी साहित्य संस्थान नट साहित्य संस्कृति संस्थान व जवाहर कला केंद्र की ओर से 'भारतीय नाट्य परम्परा' विषय पर रखे। भारतीय नाट्य शास्त्र की अनेक गूढ रहस्यों को उद्घाटित करते हुए उन्होंने कहा कि पूरी सृष्टि गतिशीलता और स्थिरता से सृजित है जिसे नाट्य शास्त्र संतुलित करता है।



### 'घर तो नाम है एक भरोसे का'

संयोजक डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने बताया कि विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी सचिव डॉ. के. श्रीनिवास राव ने डॉ. अर्जुनदेव चारण के कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अर्जुनदेव चारण की साहित्य साधना पर साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा निर्मित व डॉ. राजेश कुमार व्यास द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र 'घर तो नाम है एक भरोसे का' तथा अर्जुनदेव चारण की राजस्थानी काव्यकृति अगनसिनांन पर रचनाकार डॉ. मंगत बादल द्वारा लिखित आलोचना पुस्तक 'अगनसिनांन री अंतसदीठ' का लोकार्पण किया।

**इन्होंने दर्ज की मौजूदगी:** समारोह में डॉ. सत्यनारायण, कृष्ण कल्पित, प्रेमचंद गांधी, राघवेन्द्र रावत, रतन कुमार सामरिया, कालूराम परिहार, श्याम जांगिड़, नंद भारद्वाज, डॉ. शारदा कृष्ण, जितेन्द्र कुमार सोनी, रेवतदान चारण, विक्रम सिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र सिंह, रामरतन लटियाल, कप्तान बोरावड़, सवाई सिंह, जीवराज सिंह, सुखदेव राव, अशोक गहलोत, महेन्द्र सिंह, आशीर्वाद चारण, किरण बाला जीनगर, मोनिका गौड़, संतोष चौधरी, किरण राजपुरोहित, मीनाक्षी बोराणा सहित प्रदेश के अनेक जिलों के साहित्यकार व नाट्य प्रेमी मौजूद रहे।

विपरीत दिशा में सफ़र करते वक़्त दो लोगों का आख़िरी बार एक दूसरे को मुड़ कर देखना दुनिया की सबसे ख़ूबसूरत घटना है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### UAE की यात्रा पर अबू धाबी पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा...

# भारत-यूएई दोस्ती का जीवंत प्रतीक है BAPS हिंदू मंदिर




**भारत-यूएई के संबंधों में मजबूती**

बीते कुछ वर्षों में भारत-यूएई के संबंधों में मजबूती आई है। अगस्त 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदला गया। दोनों देशों के बीच व्यापार 100 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद है।

**पीएम मोदी ने किया था उद्घाटन**

स्वामीनारायण संस्था ने यूएई की सरकार द्वारा दान की 27 एकड़ भूमि पर मंदिर का निर्माण कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल 14 फरवरी को अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया था।

**एजेंसी** | अबू धाबी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर अबू धाबी पहुंचे। उन्होंने बीएपीएस हिंदू मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। जयशंकर ने मंदिर में बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के भिक्षुओं के साथ बातचीत की।

बीएपीएस मंदिर में दर्शन के बाद जयशंकर में एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बीएपीएस हिंदू मंदिर आकर धन्य हो गया। यह मंदिर भारत-यूएई दोस्ती का जीवंत प्रतीक है और दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देता है। यह दोनों देशों के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक ब्रिज है। अपनी



यात्रा के दौरान जयशंकर यूएई के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, जयशंकर और शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान की मुलाकात के दौरान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ क्षेत्रीय और ग्लोबल विकास से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, जयशंकर और यूएई के नेताओं के बीच गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष पर भी चर्चा हो सकती है।

### दक्षिण कोरिया की लिथियम बैटरी प्लांट में हुआ हादसा

# बैटरी फैक्ट्री में आग से 20 की मौत, 3 लापता

**एजेंसी** | सियोल

दक्षिण कोरिया में एक बैटरी संयंत्र में आग लगने की घटना में 20 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार को सियोल के दक्षिण में ह्वासोंग में लिथियम बैटरी प्लांट में आग लगने के बाद लापता 23 लोगों में से अब तक मौके से 20 शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रपति यूं सुक योल ने लापता लोगों की तलाश और बचाव के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया है।

अग्निशमन कर्मियों के मुताबिक बैटरी प्लांट में आग लगने के बाद पूर्णकालिक और अंशकालिक श्रमिकों की दैनिक सूची भी आग में नष्ट हो गई है, इसलिए हताहतों की वास्तविक संख्या का पता नहीं चल पा रहा है। फिर भी लापता हुए 23 लोगों में से मौके से 20 शव बरामद किए गए हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि लापता हुए 23 लोगों में से 20 विदेशी हैं, जिनमें चीनी नागरिक भी हैं।

सियोल से 45 किलोमीटर दूर दक्षिण में ह्वासोंग में लिथियम बैटरी निर्माता एरिसेल के प्लांट में सुबह करीब 10:30 बजे लगी। अग्निशमन कर्मियों ने दोपहर 3 बजे तक मुख्य आग पर काबू पा लिया और प्लांट में जाकर 20 शव बरामद किए। टीवी फुटेज में जलते हुए प्लांट में छोटे-छोटे विस्फोट होते हुए दिखाई दिए और चिंगारी निकलती रही। यह तीन मंजिला प्लांट मजबूत कंक्रीट की इमारत में है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2,300 वर्ग मीटर है। इसीलिए अग्निशामकों को आग बुझाने में कठिनाई हुई।आग बुझाने के दौरान जलती हुई लिथियम बैटरियों को संभालना मुश्किल हो गया।



**प्लांट के अंदर थी 35000 बैटरियां**

प्लांट की दूसरी मंजिल से भागकर आए एक चश्मदीद ने ह्वासोंग फायर स्टेशन को बताया कि आग लगने के समय एक बैटरी सेल में विस्फोट हुआ था। आग तेजी से फैली, क्योंकि अंदर बैटरी सेल लगातार फट रहे थे, जिससे बचावकर्मियों के लिए अंदर जाकर तलाशी लेना मुश्किल हो गया। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त प्लांट के अंदर कम से कम 35,000 बैटरियां थी। सरकार ने आपदा से होने वाली मौतों को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए दोपहर में केंद्रीय आपदा और सुरक्षा प्रतिवाद मुख्यालय की एक आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्री ली सांग-मिन ने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों और स्थानीय सरकारों से आग बुझाने और बचे हुए लोगों को बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों और कर्मियों को जुटाने को कहा है।

### रूस में आतंकियों ने पुलिस पोस्ट और चर्च को बनाया निशाना

# आतंकी हमले में 15 पुलिसकर्मियों की मौत

**मॉस्को।** रूस एक बार फिर आतंकी हमले के चपेट में है। रूस के दागिस्तान में एक चर्च पर किए गए आतंकी हमले में 15 लोगों के मारे जाने की सूचना है। आतंकियों ने एक सिनेगॉग, दो चर्च और एक पुलिस पोस्ट को निशाना बनाया। इन हमलों में पुलिसकर्मियों, एक पादरी सहित कई 15 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, वहीं 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। रूसी सुरक्षाबलों ने हमले के अंजाम देने वाले 6 आतंकियों को भी मार गिराया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक आतंकी हमलों की जांच शुरू कर दी है। रूसी गृह मंत्रालय ने कहा कि अज्ञात लोगों ने ऑटोमैटिक हथियारों से एक सिनेगॉग और एक चर्च पर गोलीबारी की। इसी दौरान आतंकियों ने पादरी निकोले की डर्बेंट की चर्च में गला काट कर हत्या कर दी गई।

वे 66 साल के थे और बहुत बीमार थे। हमले के बाद संदिग्ध एक गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए और पुलिस फिलहाल उनकी तलाश कर रही है।



### पुलिस स्टेशन में लगाई आग

# न्यू कैलेडोनिया में फिर हिंसा, 9 मरे

**एजेंसी** | फ्रांस

फ्रांस के न्यू कैलेडोनिया में हिंसा के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। बताया जा रहा है कि रात भर में एक पुलिस स्टेशन और एक टाउन हॉल सहित कई इमारतों में आग लगा दी गई। फ्रांसीसी प्रशांत क्षेत्र में अशांति के बीच अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा की वजह से मेनलैंड, पिंस और मारे द्वीप पर तनाव है।

यहां आगजनी और सड़कों को ब्लॉक कर दिया गया। पुलिस को भी निशाना बनाया गया। दरअसल, न्यू कैलेडोनिया में मई के मध्य में एक चुनावी सुधार योजना को अमली जामा पहनाने की तैयारी की गई। इसके बाद से यहां दंगे और लूटपाट शुरू हो गई। नई योजना से स्थानीय कनक लोगों के मन में यह डर बैठ गया कि वे स्थायी रूप से अल्पसंख्यक बन जाएंगे और उनकी स्वतंत्रता की उम्मीदें पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इस तनाव से 1.5 बिलियन यूरो (1.6 बिलियन डॉलर) से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

राजधानी नौमिया के उत्तर में डुम्बिया में, पुलिस स्टेशन और एक गैरेज को आग लगा दी गई। इस दौरान चार बख्तरबंद वाहनों ने हालात पर काबू पाने की कोशिश की और काफी मशक्कत के बाद हालात को सामान्य किया। इसके अलावा नौमिया के ड्यूकोस और मैजेंटा जिलों में भी आगनजी की घटनाएं हुईं। पुलिस स्टेशन के परिसर, उनके वाहनों के साथ निजी वाहनों को भी जला कर राख कर दिया गया। वहीं, बौरेल में पुलिस और अलगाववादियों के बीच झड़प की खबर सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया।



**स्कूल-कॉलेजों बंद रखने का आदेश**

तनाव के बाद से फ्रांस सरकार ने पेरिस से लगभग 17,000 किलोमीटर (10,600 मील) दूर इस क्षेत्र में 3,000 से अधिक सैनिकों और पुलिस की तैनाती की है। तनाव वाले इलाकों में स्कूल-कॉलेजों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। इससे पहले शनिवार को पिछले महीने हुए दंगों की साजिश रचने के आरोपी समूह से जुड़े सात लोगों पर अभियोग लगाया गया और उन्हें हिरासत के लिए मेनलैंड, फ्रांस भेज दिया गया।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl